# विशाल इंडिया

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

सच्चाई की राह पर!

वर्षः 13 | अंकः 213 | गौतमबुद्धनगर, सोमवार 01 जूलाई 2024 | पृष्ठ : 08 मूल्य : 02 रूपये | आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236




P- 3

3 जुलाई को किसानों का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन



P- 4

बरेली में फायरिंग करने वाले 2 बदमाश एनकाउंटर में घायल



P- 5

ईरान ने इजरायल को दी युद्ध की धमकी तो मिला करारा जवाब



P- 6

तीसरा ओलंपिक पदक जीतने के लिए कौशल को निखारने पर पी वी सिंधू



## हैप्पी मॉर्निंग

बेटा अपने कमरे में खुशी से उछल रहा था मम्मी- क्या बात है बेटा आज बड़ा खुश है? बेटा- बस पूछो मत मां
मम्मी बता....कमबख्त क्या गुल खिला रहा है
बेटा आपकी होने वाली बहू 12 में पास हो गयी है...फिर दे लात और दे चप्पल



## शायरी

मैं किसान हूँ मुझे भरोसा हैं
अपने जूनून पर,
निगाहे लगी हुई है आकाश के
मानसून पर!

## अर्थसार



सेंसेक्सः
79,032.73
-210.45 (0.27%)
निफ्टीः
24,010.60
-33.90

## मौसम



अधिकतम : 34 डिग्री से0
न्यूनतम : 28 डिग्री से
सूर्योदय मंगलवार : 5 : 30
सूर्यास्त सोमवार : 7 : 27

# दिल्ली, यूपी और बिहार में झमाझम बारिश

### गुजरात-राजस्थान के लिए ऑरेंज अलर्ट



नई दिल्ली। देश के ज्यादातर हिस्सों में पहुंच चुके मानूसन के कारण कहीं हल्की तो कहीं तेज वर्षा हुई। दिल्ली समेत कई जगहों पर रविवार को आंशिक बादल छाए रहे। वर्षा नहीं होने के कारण उमस ने बेहाल कर दिया।

मौसम विभाग ने सोमवार से बुधवार तक पंजाब और उससे सटे हिमाचल प्रदेश, पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, मप्र, दक्षिण गुजरात, दक्षिण तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, दक्षिण कर्नाटक, उत्तरह तमिलनाडु, बंगाल, सिक्किम, असम और मेघालय में अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ बारिश, आसमानी बिजली गिरने और तेज हवा के साथ तेज वर्षा की संभावना जताई है।

### उत्तर प्रदेश में झमाझम वर्षा

सोमवार को देहरादून, पौड़ी, हरिद्वार, नैनीताल, चंपावत व ऊधम सिंह नगर में भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। हिमाचल प्रदेश के तीन जिलों बिलासपुर, सोलन और सिरमौर में आंधी चलने, बिजली गिरने व भारी वर्षा का आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। उत्तर प्रदेश में कई जिलों में झमाझम वर्षा हुई।

### झांसी सबसे ठंडा जिला

गोरखपुर-देवरिया और संतकबीरनगर में वज्रपात से पांच की मौत हो गई, जबकि 22 झुलस गए। जून की शुरुआत में प्रदेश का सबसे गर्म जिला झांसी रहा, वहीं जून खत्म होते ही यह सबसे ठंडा जिला बन गया। रविवार को दोपहर तक प्रदेश में सबसे अधिक 37.3 मिमी बारिश झांसी में हुई।

# टीम इंडिया को 125 करोड़ देगा बीसीसीआई

### सेक्रेटरी जय शाह का ऐलान, कहा- टीम ने पूरे टूर्नामेंट में जबर्दस्त टैलेंट और समर्पण दिखाया



मुंबई। बीसीसीआई टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीम को 125 करोड़ रुपए कैश प्राइज देगा। बोर्ड के सचिव जय शाह ने रविवार को खुद इसका ऐलान किया।

शाह ने एक्स पर लिखा- मुझे यह ऐलान करते हुए बहुत खुशी हो रही है कि टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम इंडिया को 125 करोड़ रुपए की इनामी राशि दी जाएगी। टीम ने पूरे टूर्नामेंट में जबर्दस्त टैलेंट, समर्पण और खेल भावना का प्रदर्शन किया। मैं इस असाधारण उपलब्धि के लिए सभी खिलाड़ियों, कोच और सपोर्ट स्टाफ को बधाई देता हूं।

### चैंपियन बनने पर मिले 20.36 करोड़ रुपए

भारतीय टीम को एक दिन पहले वर्ल्ड चैंपियन बनने पर 20.36 करोड़ रुपए की इनामी राशि मिली है। आईसीसी ने इस टूर्नामेंट से पहले इनामी राशि बढ़ने का ऐलान किया था।

**प्राइस की ताजा रिपोर्ट** | **हिंदू-मुस्लिम परिवारों के बीच 'आय' का अंतर तेजी से कम हो रहा है**

# देश में मुस्लिमों की सालाना कमाई 28 प्रतिशत, हिंदुओं की 19 प्रतिशत, सिखों की सर्वाधिक 57 प्रतिशत बढ़ी

**एजेंसी**

नई दिल्ली। हिंदू-मुस्लिम परिवारों के बीच 'आय' का अंतर तेजी से कम हो रहा है। दोनों समुदायों के परिवारों में यह अंतर 7 साल में 87 प्रतिशत घटकर केवल 250 रुपए बचा है, जो 2016 में 1,917 रु./मासिक था।

गैर मुनाफे वाली संस्था पीपुल्स रिसर्च ऑन इंडियाज कंज्यूमर इकोनॉमी (प्राइस) के सर्वे में ये आंकड़े सामने आए। देश में मुस्लिमों की सालाना कमाई 28 प्रतिशत, हिंदुओं की 19 फीसदी, सिखों की सर्वाधिक 57 फीसदी बढ़ी है।

इस इकोनॉमिक थिंक टैंक ने यह सैंपल सर्वे देश के 165 जिलों के 1,944 गांवों के 2,01,900 परिवारों के बीच किया। मुस्लिम परिवारों की सालाना आय सात साल में 2.73 लाख रुपए से 27.7 प्रतिशत बढ़कर 3.49 लाख रु. हो गई। इस दौरान हिंदुओं की आय 2.96 लाख रुपए से 18.8 प्रतिशत बढ़कर 3.52 लाख रु. हो गई।

प्राइस के अनुसार, पहले से ज्यादा कमा रहे लोगों की तुलना में आर्थिक रूप से कमजोर तबके की आय में तुलनात्मक दृष्टि से ज्यादा इजाफा हुआ है।

कोविड से पहले देश के सबसे कम आय वाले 20 प्रतिशत लोगों की देश की आय में हिस्सेदारी महज 3 प्रतिशत थी, जो 2022-23 में बढ़कर 6.5 प्रतिशत हो गई।

इसकी तुलना में शीर्ष 20 प्रतिशत आय वर्ग की हिस्सेदारी 52 प्रतिशत से घटकर 45 प्रतिशत ही बची। ऊपरी तबके की आय में जो हिस्सेदारी घटी, उससे गरीब और मध्यवर्ग की आय में बढ़ोतरी हुई। इसका फायदा सभी वर्गों को हुआ।

सरकार की मुफ्त अनाज योजना, किसान सम्मान निधि और आवास योजनाओं ने भी सामाजिक-आर्थिक अंतर को कुछ हद तक कम करने में अहम भूमिका निभाई। अल्पसंख्यक खासतौर पर मुस्लिम वर्ग आर्थिक रूप से कमजोर तबके में आते हैं। इसलिए निचले तबके के तुलनात्मक उत्थान में मुस्लिम परिवारों को ज्यादा लाभ हुआ है।

# लोनावला में एक ही परिवार के 5 लोग डैम में बहे; 3 के शव बरामद

**एजेंसी**

महाराष्ट्र में पुणे के लोनावला में भूशी बांध के करीब एक तालाब में डूबने की एक घटना का दिल दहला देने वाला वीडियो सामने आया है। जिसमें सात लोग झरने के तेज बहाव में एक दुसरे को पकड़े हुए खड़े हैं। आसपास के लोग लगातार उनकी मदद करने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन तेज बहाव के कारण वह उस परिवार की मदद नहीं कर पा रहे हैं। लगातार बढ़ता पानी का बहाव उनके पैर हिला देता है और पूरा का पूरा परिवार पानी के तेज बहाव में बह जाता है।



### सात में से केवल दो आ पाए किनारे 5 बहे

पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक उनमें से केवल दो लोग तैर कर किनारे पर आ पाए, जबकि बाकी पांच लोग पानी के तेज बहाव में बह जाते हैं। इस घटना में एक 40 वर्षीय महिला और 13 और 8 साल की दो लड़कियों की डूबने ने मौत हो गई है। वहां आसपास मौजूद लोगों के मुताबिक बारिश के मौसम में यह परिवार यहां पानी का आनंद ले रहा था तभी लगातार होती बारिश पानी का बहाव तेज हो गया और वे सभी एक चट्टान पर फंस गए लोगों ने उनकी मदद करने की बहुत कोशिश की लेकिन तेज बहाव में किसी की भी इतनी हिम्मत नहीं हुई की पानी में कूद कर उनकी जान को बचा सके तेज बहाव में परिवार के पांच लोग बह गए जिससे उनकी मौत हो गई। लोनावला के इस झरने को रेलवे झरना कहा जाता है, यहीं से पानी भुशी बांध में जाता है। बताया जा रहा है कि दो बच्चे अभी और लापता हैं। लापता बच्चों की उम्र करीब 6 से 9 साल के बीच है। इनकी तलाश की जा रही है। जबकि दो लोगों के शवों को बरामद कर लिया गया है। लोनावला शहर पुलिस और शिव दुर्ग बचाव दल शवों की तलाश में लगा हुआ है।

**मजबूर अस्पताल** | **नर्स-डॉक्टर सहित दवाइयों की भारी कमी; सर्वे में हुआ खुलासा**

# रिपोर्ट में खुलासा : देश के 80 फीसदी अस्पतालों में हालात बदतर

नई दिल्ली। देश में दिन ब दिन सरकारी अस्पतालों की हालत खराब होती जा रही है। सरकार की तरफ से अस्पताल को लेकर एक रिपोर्ट सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक देश के 80 प्रतिशत सरकारी अस्पतालों ऐसे हैं, जिनमें बुनियादी सुविधाएं भी नहीं हैं।

जिला अस्पतालों, उप-जिला अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और आयुष्मान आरोग्य मंदिर (तत्कालीन उप स्वास्थ्य केंद्रों) सहित दो लाख से अधिक सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाएं हैं, जो सरकार की एक प्रमुख योजना एनएचएम के अंतर्गत आती हैं। बता दें कि एनएचएम के तहत आने वाले 2 लाख से ज्यादा अस्पतालों में से केवल 40,451 अस्पतालों ने ही सरकार को अपनी जानकारी दी है।



### 8,089 अस्पतालों में ही हैं बुनियादी सुविधाएं

जब साझा किए गए डाटा के आधार पर स्कोरिंग की गई,तब 40,451 अस्पतालों में से केवल 8,089 अस्पताल ही ऐसे थे जो IPHS के मानकों पर खरे उतरे। सरकार ने यह सारी जानकारी IPHS के डैशबोर्ड पर सार्वजनिक कर दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, केवल 8,089 अस्पतालों में ही मरीजों के इलाज के लिए जरूरी सुविधाएं हैं। इन अस्पतालों में ही डॉक्टर, नर्स, दवाएं जैसे उपकरण मौजूद है। रिपोर्ट के मुताबिक, 42 प्रतिशत अस्पतालों ने IPHS के अंतर्गत 50 प्रतिशत से भी कम अंक हासिल किए। वहीं बाकी के 15,172 अस्पतालों को 50 से 80 प्रतिशत के बीच अंक मिले।

जानकारी के लिए बता दें कि एनएचएम के तहत आने वाले अस्पतालों का 60 प्रतिशत खर्च केंद्र सरकार उठाती है, जबकि बाकी 40 फीसदी खर्च राज्य सरकारें उठाती हैं।

### आईपीएचएस के तहत बनेंगे 70,000 सरकारी अस्पताल

जानकारी के लिए बता दें कि केंद्र सरकार का लक्ष्य है कि नई सरकार बनने के 100 दिनों के अंदर 70,000 सरकारी अस्पतालों को IPHS (Indian Public Health Standards) के मानकों के तहत बनाया जाएगा। इस बीच एक वरिष्ठ अधिकारी ने दावा किया है कि वो राज्यों को अस्पतालों में सुधार के लिए पूरी मदद कर रहे हैं। उन्होंने कहा है, हमारा मकसद सरकारी अस्पतालों में मरीजों के इलाज के बेहतर सुविधा लाना है।

साथ ही अधिकारी ने ये भी बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, जिला अस्पतालों, और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का NQAS मूल्यांकन पहले की तरह ही किया जाएगा।

# एनआईए ने तमिलनाडु में हिज्ब-उत-तहरीर के ठिकानों पर मारे छापे

तिरुचिरापल्ली (तमिलनाडु)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने आईएसआईएस से संबद्ध इस्लामी कट्टरपंथी संगठन 'हिज्ब-उत-तहरीर' (एचयूटी) से संबंधित मामले की जांच के तहत रविवार को तमिलनाडु में उसके कई ठिकानों पर एक साथ छापे मारे। यह संगठन कई देशों में प्रतिबंधित है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि चेन्नई, तिरुचिरापल्ली, तंजावुर, इरोड और पुड्कोडुट्टाई सहित कई स्थानों पर छापे मारे गये। एचयूटी मदुरै मॉड्यूल मामला मूल रूप से मदुरै के थिदीर नगर थाने में दर्ज किया गया था, जिसे 26 अप्रैल 2021 को एनआईए को सौंप दिया गया था। जांच से पता चला कि एचयूटी के सदस्यों तिरुवरुर जिले के मन्नारगुडी के एस. बावा बहरुदीन (41) उर्फ 'मन्नई' बावा, तंजावुर जिले के कुंभकोणम के जे. जियावुद्दीन बाकवी (40) और मोहम्मद इकबाल ने दूसरों के साथ मिलकर इस्लामिक स्टेट को फिर से स्थापित करने और भारत सहित वैश्विक स्तर पर शरिया लागू करने की साजिश रची थी। आरोपियों ने तमिलनाडु के मदुरै, इरोड, सलेम और तंजावुर जिलों में बंद कमरे में बयान (बैठकें) आयोजित की थीं और भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को अस्वीकार करने तथा बाधित करने के उद्देश्य से पोस्ट अपलोड करने के लिए विभिन्न सोशल मीडिया साइट्स पर कई अकाउंट बनाये थे।

# बंगाल में महिला को तालिबानी सजा, सड़क पर लाठी से पीटा


### भीड़ के अधिकांश सदस्य व्यक्ति को रोकने का प्रयास नहीं करते, बल्कि उसकी मदद करते नजर आए

पश्चिम बंगाल में सड़क पर एक व्यक्ति की ओर से महिला सहित 2 लोगों की पिटाई का मामला सामने आया है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। विपक्ष ने इसे लेकर ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली टीएमसी सरकार पर तीखा हमला बोला है। विपक्षी दलों सीपीएम और बीजेपी की ओर से बताया गया कि यह वीडियो बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिले का है। यह घटना पिछले हफ्ते की बताई जा रही है। विपक्षी नेताओं के मुताबिक, हमलावर स्थानीय निवासी है जिसका नाम तजम्मुल है और उसके तृणमूल कांग्रेस से संबंध हैं। वह लोकल मसलों पर त्वरित न्याय के लिए जाना जाता है।



वीडियो में महिला को एक आदमी बार-बार लाठियों से मारता दिख रहा है। वह दर्द से कराह रही है। मौके पर कुछ और लोग मौजूद हैं जो चुपचाप खड़े होकर तमाशा देख रहे हैं। वायरल वीडियो में हमलावर व्यक्ति एक पुरुष को भी लाठियों से पीटता नजर आता है। इस दौरान एक अन्य महिला उसे रोकने की कोशिश करती नजर आती है। हालांकि, वह हमले जारी रखता है। भीड़ के अधिकांश सदस्य उसे रोकने का प्रयास नहीं करते, बल्कि उसकी मदद करते नजर आते हैं। इस बीच, वह महिला के बाल पकड़ता है और उसे लात मारने लगता है। घटना को लेकर पुलिस का कहना है कि उसने पिटाई करने वाले व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज किया है और उसकी तलाश जारी है।

बीजेपी आईटी सेल के प्रमुख और बंगाल के लिए पार्टी के सह-प्रभारी अमित मालवीय ने एक्स पर यह वीडियो पोस्ट किया है। इसके साथ उन्होंने लिखा, वीडियो में महिला को जो आदमी बेरहमी से पीट रहा है, उसका नाम तजम्मुल है। वह अपनी इंसाफ सभा के जरिए त्वरित न्याय के लिए फेमस है। वह स्थानीय विधायक हमीदुर रहमान का करीबी सहयोगी है। उन्होंने कहा कि देश को टीएमसी की ओर से संचालित पश्चिम बंगाल में शरिया अदालतों के बारे में जानना चाहिए। हर गांव में एक संदेशखाली है और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी महिलाओं के लिए अभिशाप बन गई हैं। बंगाल में कानून-व्यवस्था का कोई नामोनिशान नहीं बचा है।

# संपादकीय

## बेरोजगारी से युवा परेशान



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

बेरोजगारी भारत समेत विश्व के कई देशों में एक गंभीर समस्या बन चुकी है। खासकर, युवाओं के लिए यह समस्या और भी विकट हो गई है। उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बावजूद नौकरी न मिल पाना, रोजगार के अवसरों की कमी, और आर्थिक अनिश्चितता युवाओं को मानसिक, शारीरिक, और सामाजिक रूप से प्रभावित कर रही है।

### बेरोजगारी की वर्तमान स्थिति

भारतीय परिप्रेक्ष्य में, बेरोजगारी की दर विशेष रूप से चिंताजनक है। कई रिपोर्टों के अनुसार, भारत में शिक्षित युवाओं के बीच बेरोजगारी की दर तेजी से बढ़ रही है। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में यह समस्या व्याप्त है। तकनीकी विकास और स्वचालन की वजह से पारंपरिक नौकरियों में कमी आ रही है, जिससे बड़ी संख्या में युवा बेरोजगार हो रहे हैं।

### बेरोजगारी के कारण

**शिक्षा और कौशल में असमानता :** आज के समय में शिक्षा प्रणाली का फोकस अक्सर सैद्धांतिक ज्ञान पर होता है, जबकि व्यावहारिक और उद्योग-विशिष्ट कौशलों की कमी होती है। इससे युवाओं को नौकरियों के लिए आवश्यक कौशल प्राप्त नहीं हो पाते और वे रोजगार के अवसरों से वंचित रह जाते हैं।

**औद्योगिक मंदी :** आर्थिक मंदी और औद्योगिक संकट के कारण कंपनियाँ नई भर्तियाँ नहीं कर पा रही हैं। इसके अलावा, छोटे और मध्यम उद्योगों में भी रोजगार के अवसर घटते जा रहे हैं।

**संभावित क्षेत्रों की कमी :** कई क्षेत्रों में नए रोजगार सृजन की गति धीमी है। कृषि, निर्माण, और पारंपरिक उद्योगों में नौकरियों की संख्या सीमित हो गई है, जिससे बेरोजगारी बढ़ रही है।

### युवाओं पर प्रभाव

बेरोजगारी का युवाओं पर गहरा प्रभाव पड़ता है। लंबे समय तक बेरोजगार रहने से आर्थिक कठिनाइयाँ बढ़ जाती हैं। इससे न केवल व्यक्ति की आर्थिक स्थिति प्रभावित होती है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

**आत्म-सम्मान में कमी :** नौकरी न मिलने से युवाओं का आत्म-सम्मान प्रभावित होता है। वे खुद को समाज और परिवार के सामने असफल मानने लगते हैं।

**मानसिक तनाव :** बेरोजगारी से मानसिक तनाव, अवसाद, और चिंता जैसी समस्याएँ उत्पन्न होती हैं। यह तनाव युवाओं की उत्पादकता और जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित करता है।

**सामाजिक प्रभाव :** बेरोजगारी के कारण युवाओं में असुरक्षा की भावना बढ़ती है, जिससे सामाजिक विकार और अपराध की घटनाओं में भी वृद्धि हो सकती है।

### समाधान के प्रयास

**कौशल विकास कार्यक्रम :** युवाओं के लिए व्यावहारिक कौशल और उद्योग-विशिष्ट प्रशिक्षण प्रदान करने वाले कार्यक्रमों की शुरुआत की जानी चाहिए। इससे युवाओं को उद्योगों की जरूरतों के अनुसार तैयार किया जा सकेगा।

**नवाचार और उद्यमिता :** सरकार और निजी क्षेत्र को नवाचार और उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिए योजनाएँ और सहायक नीतियाँ तैयार करनी चाहिए। स्टार्टअप्स और छोटे व्यवसायों के विकास से नए रोजगार सृजित हो सकते हैं।

**शिक्षा प्रणाली में सुधार :** शिक्षा प्रणाली को रोजगार-उन्मुख बनाने की दिशा में सुधार की आवश्यकता है। पाठ्यक्रम को उद्योग की जरूरतों के अनुसार अद्यतन करना चाहिए और व्यावहारिक अनुभव पर जोर देना चाहिए।

**सरकारी नीतियां :** सरकार को रोजगार सृजन के लिए नीतिगत सुधार करने चाहिए। आर्थिक सुधार, निवेश को प्रोत्साहन, और अवसंरचना विकास में निवेश से नए रोजगार अवसर उत्पन्न हो सकते हैं।

### निष्कर्ष

बेरोजगारी एक गंभीर चुनौती है जिसका सामना युवाओं को करना पड़ रहा है। इसके समाधान के लिए शिक्षा प्रणाली, कौशल विकास, नवाचार, और सरकारी नीतियों में सुधार की आवश्यकता है। यदि इन प्रयासों को सही दिशा में संचालित किया जाए, तो निश्चित रूप से युवाओं को बेहतर रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकते हैं और वे आत्मनिर्भरता की दिशा में बढ़ सकते हैं।

## अनिश्चितता को निश्चितता में बदला

क्रिकेट को अनिश्चितता का खेल कहते हैं, लेकिन यदि धैर्य और आत्मविश्वास आपके भीतर हो तो अनिश्चितता को निश्चितता में बदला जा सकता है। टी-20 क्रिकेट वर्ल्ड कप जीतकर भारतीय खिलाड़ियों ने यही साबित किया है। जिस धौर्य और आत्मविश्वास के साथ पूरे वर्ल्ड कप में रोहित शर्मा व टीम के खिलाड़ी खेले हैं और अजेय रहे हैं, ये किसी चमत्कार की बदौलत नहीं, बल्कि धैर्य और आत्मविश्वास के कारण सफलता मिली है।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल मुकाबला आसान नहीं था। वेस्टइंडीज के बारबडोस में तेज हवाओं के बीच बिल्कुल सपॉट पिच पर 176 रन कोई बड़ा स्कोर नहीं था। फिर टीम इंडिया ने 34 रन पर कप्तान रोहित शर्मा, ऋषभ पंत और सूर्य कुमार यादव जैसे स्थापित बल्लेबाजों के विकेट गंवा दिए।

ऐसे समय में यदि एक-दो विकेट और गिर जाते तो टीम इंडिया को 100 रन पकड़ना मुश्किल होता, लेकिन जिस धैर्य का परिचय विराट कोहली ने दिया और दूसरे छोर से जिस आत्मविश्वास के साथ अक्षर पटेल ने चार छक्के लगाए, उसने एक बड़े स्कोर की नींव रख दी।

जब विराट कोहली धीमा खेल रहे थे तो सोशल मीडिया पर कुछ लोग उनको यह कहकर ट्रोल कर रहे थे कि जब टीम को तेजी से रन बनाने की जरूरत है तो विराट कोहली टीम के लिए संकट पैदा कर रहे हैं। विराट कोहली को फाइनल के प्रेशर का अनुभव था और उन्होंने धैर्यवान बने रहना उचित समझा।

एक छोर से वो विकेट को पकड़कर खड़े रहे और दूसरे छोर से पहले युवा अक्षर पटेल और उसके बाद शिवम दुबे को शॉट्स खेलने का पूरा मौका दिया। जैसे ही मैच ने 17वें ओवर में प्रवेश किया, विराट कोहली ने अपना विराट रूप दिखाया।

तेजी से दो छक्के और एक चौका लगाकर टीम का स्कोर 160 रन के ऊपर ले गए। सपाट पिच पर दक्षिण अफ्रीका की बैटिंग के आगे 177 रन का टारगेट बहुत बड़ा नहीं था।

इस पूरे टी-20 वर्ल्ड कप में खास बात यही रही कि हमारे गेंदबाजों ने पूरे आत्मविश्वास के साथ विरोधी टीमों को धवस्त किया। फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के दो विकेट गिरने के बाद जिस तरह से पहले स्टब्स, उसके बाद क्लासेन और डिकॉक मैच को आगे ले जा रहे थे तो लग रहा था कि टीम इंडिया के खिलाड़ियों का आत्मविश्वास हिल गया है, लेकिन यहां कप्तान रोहित शर्मा के धैर्य की तारीफ करनी होगी। वो दबाव में नहीं आए।

15 ओवर तक यह साफ लग रहा था कि अब मैच बचेगा नहीं। संभवत: 90 प्रतिशत भारतीय प्रशंसक यह मन भी चुके थे, लेकिन जिस आत्मविश्वास का परिचय हार्दिक पांड्या, जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह ने दिया, उसकी जितनी तारीफ की जाए, कम है।

# दुनियां में हर वर्ष शराब सेवन से 26 लाख मौतें-भारत में चीन से दुगनी मौतें!

विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा ग्लोबल स्टेटस रिपोर्ट आन एल्कोहल एंड हेल्थ और ट्रीटमेंट का सब्सटेंस यूज डिसऑर्डर 2024 जारी

शराब व नशीली मादक चीजों के अत्यधिक सेवन से लीवर से जुड़ी समस्याएं,कैंसर,दिल की बीमारी से मौत होनेकी पुष्टि को रेखांकित करना जरूरी-एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया

गोंदिया - भारत में अभी हम पर तमिलनाडु शराब सेवन से हुई मौतों के सदमे से उबर भी नहीं पाएं है कि, वैश्विक स्तरपर दुनियां के करीब 196 सदस्यों वाले विश्व स्वास्थ्य संगठन ने दिनांक 28 जून 2024 को जारी ग्लोबल स्टेटस रिपोर्ट आन एल्कोहल एंड हेल्थ एंड ट्रीटमेंट ऑफ़ सब्सटेंस यूज डिसऑर्डर 2024 जो 334 पुष्ठो की है, जिसमें पूरे विश्व में शराब का अत्यधिक सेवन करने से मानवीय शरीर में होने वाले दुष्टपरिणामों व मौतों के बारे में बताया गया है जो हैरान कर देने वाला है। पूरी दुनियां में करीब 40 करोड़ लोग शराब और नशीली दवाओं के कारण होने वाली बीमारियों से पीड़ित हैं,यह दुनियां की कुल मौतों का 4.7 प्रतिशत है। यानें हर 20 में से एक मौत के लिए शराब जिम्मेदार है।रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर ड्रग्स से होने वाली मौतों को भी उसमें जोड़ा जाए तो यह संख्या 30 लाख से अधिक हो जाएगी। रिपोर्ट में भारत के बारे में बताया गया है कि यहां एक लाख मौतों में शराब से 38.5 प्रतिशत मौत हो रही है जो चीन की संख्या से दोगुनी है,जहां इससे 16.1 प्रतिशत मौतें होती है, जो रेखांकित करने वाली बात है। चूंकि विश्व स्वास्थ्य संगठन से रिपोर्ट 2024 दुनियां में हर वर्ष शराब से 26 लाख मौतें, भारत में चीन से दुगनी मौतें हो रही है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा ग्लोबल स्टेटस रिपोर्ट आन एल्कोहल एंड हेल्थ एंड ट्रीटमेंट ऑफ़ सब्सटेंस यूज डिसऑर्डर 2024 जारी की है, शराब व नशीली मादक चीजों केअत्यधिक सेवन से लीवर से जुड़ी समस्याएं कैंसर की बीमारी से दिल की बीमारी से मौत होने की पुष्टि को गंभीरता रेखांकित करना अत्यंत जरूरी है।

साथियों बात अगर हम 28 जून 2024 को जारी विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट को समझने की करें तो, शराब हर साल 26 लाख से ज्यादा लोगों की मौत का कारण बन रही है। दुनिया भर में करीब 40 करोड़ लोग शराब और नशीली दवाओं के कारण होने वाली बीमारियों से पीड़ित हैं। यह दुनिया की कुल मौतों का 4.7 फीसदी है। यानी हर 20 में से एक मौत के लिए शराब जिम्मेदार है। यह जानकारी विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) कीग्लोबल स्टेटस रिपोर्ट ऑन ऐल्कॉहॉल एंड हेल्थ एंड ट्रीटमेंट ऑफ सब्सटेंस यूज डिसऑर्डर में सामने आई है।रिपोर्ट के अनुसार यदि ड्रग्स से होने वाली मौतों को भी इसमें जोड़ दें तो यह संख्या 30 लाख से ज्यादा है। भारत में हालात और बुरे हैं। यहां एक लाख मौतों में शराब से 38.5 फीसदी मौतें हो रही हैं। यह संख्या चीन से दोगुनी से भी अधिक है। चीन में प्रति एक लाख मौतों में शराब से मरने वालों की संख्या 16.1 फीसदी है। कैंसर, दिल की बीमारी घेर रही है।शराब के अत्यधिक सेवन से कई तरह की समस्याएं सामने आती हैं। इनमें लीवर से जुड़ी बीमारियों से लेकर कैंसर तक शामिल है। रिपोर्ट में इस बात की भी पुष्टि हुई है कि 2019 में शराब की वजह से होने वाली 26 लाख मौतों में से 16 लाख मौतें गैर-संचारी रोगों जैसे कैंसर से 4,01000 और दिल कीबीमारियों से 4,74,000 मौतें हुई।शराब और नशीली दवाओं कासबसे ज्यादा शिकार 20 से 39 साल के युवा बन रहे हैं। शराब के 13 फीसदी शिकार इसी आयु वर्ग के लोग थे। स्वास्थ्य संगठन ने इस बात की भी पुष्टि की है कि 2019 में यूरोप और अफ्रीकी क्षेत्रों में सबसे ज्यादा मौतें दर्ज की गई हैं। यूरोप में प्रति लाख लोगों पर शराब की वजह से होने वाली मौतों की



संख्या 52.9 थी तथा अफ्रीका में 52.2 रही।भारत में 15 वर्ष या उससे अधिक आयु के 31.2 फीसदी लोग शराब का सेवन करते हैं। इनमें से 3.8 फीसदी वह लोग भी हैं जो इसकी लत का बुरी तरह शिकार हैं और आए दिन बड़ी मात्रा में शराब पीते हैं, जबकि 12.3 फीसदी वह हैं जो कभी-कभार काफी ज्यादा शराब पीते हैं। भारत में 15 वर्ष या उससे अधिक आयु के करीब 41 फीसदी पुरुष शराब पीते हैं, जबकि महिलाओं में संख्या 20.8 फीसदी है।विज्ञापन पर पाबंदी जरूरी।सेहत संबंधी इन चिंताओं को देखते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन ने ने अपनी नई रिपोर्ट में शराब और नशीली दवाओं की खपत को कम करने और इन मादक पदार्थों के सेवन से उपजे विकारों के लिए उपचार मुहैया कराने पर बल दिया है। शीर्ष स्वास्थ्य एजेंसी का कहना है कि कई देशों ने शराब की मार्केटिंग पर कुछ हद तक पाबंदियां लागू की है, मगर वे काफी कमजोर हैं। दुनियांके अधिकांश देशों में इंटरनेट या सोशल मीडिया के लिए कोई नियम नहीं है।

साथियों बात अगर हम विश्व स्वास्थ्य संगठन रिपोर्ट में भारत से जुड़े आंकड़ों की करें तो, भारत में भी कम नहीं पीने वालों का आंकड़ा,विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अपनी रिपोर्ट में भारत से जुड़े आंकड़ों को भी साझा किया है। इन आंकड़ों के मुताबिक 15 वर्ष या उससे अधिक आयु का एक औसत भारतीय साल में 4.9 लीटर शराब (ऐल्कॉहॉल) पी जाता है। आशंका है कि 2030 तक यह आंकड़ा बढ़कर 6.7 लीटर पर पहुंच सकता है। देखा जाए तो भारतीय महिलाओं के मुकाबले पुरुष कहीं ज्यादा शराब पीते हैं। आंकड़ों के मुताबिक 15 वर्ष या उससे अधिक आयु का एक औसत भारतीय पुरुष हर साल 8.1 लीटर शराब का सेवन कर रहा है। वहीं महिलाओं में यह आंकड़ा 1.6 लीटर दर्ज किया गया।

मतलब की एक औसत भारतीय हर दिन 10.7 ग्राम शराब का सेवन कर रहा है। आंकड़ों में यह भी सामने आया है कि भारत में 15 वर्ष या उससे अधिक आयु के 31.2 फीसदी लोग शराब का सेवन करते हैं।

इनमें से 3.8 फीसदी वो लोग भी हैं जो इसकी लत का बुरी तरह शिकार हैं और आए दिन बड़ी मात्रा में शराब पीते हैं, जबकि 12.3 फीसदी वो हैं जो कभी कभार काफी ज्यादा शराब पीते हैं। गौरतलब है कि भारत में 15 वर्ष या उससे अधिक आयु के जहां करीब 41 फीसदी पुरुष शराब पीते हैं, वहीं महिलाओं में यह आंकड़ा 20.8 फीसदी दर्ज किया गया। इनमें से हर व्यक्ति साल में करीब 15.9 लीटर शराब पी जाता है। इन लोगों में भी पुरुषों द्वारा जहां सालाना 19.9 लीटर शराब का सेवन किया जाता है, वहीं महिलाओं में यह आंकड़ा 7.6 लीटर दर्ज किया गया है।


साथियों बात अगर हम विश्व स्वास्थ्य संगठन रिपोर्ट में कम मात्रा में भी शराब सेवन से भी स्वास्थ्य को खतरे के बारे में जानने की करें तो, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अपनी रिपोर्ट में इस तथ्य को भी उजागर किया है कि शराब का सेवन, चाहे कम मात्रा में ही क्यों न हो, स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा कर सकता है।

लेकिन शराब से संबंधित अधिकांश नुकसान, अत्यधिक मात्रा में या लगातार शराब पीने की वजह से होता है।इस बारे में डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डॉक्टर टेड्रोस एडनॉम घेब्रेयसस ने प्रेस विज्ञप्ति के हवाले से कहा है कि शराब, तम्बाकू सहित अन्य नशीले पदार्थों का सेवन स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित करता है। इनकी वजह से लम्बे समय तक प्रभावित करने वाली बीमारियों का जोखिम बढ़ जाता है। साथ ही मानसिक स्वास्थ्य पर भी इसका गहरा असर पड़ता है।उनका कहना है कि इससे परिवारों और समुदायों पर भारी बोझ पड़ता है। साथ ही इनके सेवन से दुर्घटनाओं, चोटों और हिंसा का जोखिम बढ़ जाता है। उनके अनुसार इससे होने वाली मौतें किसी त्रासदी से कम नहीं, जिन्हें टाला जा सकता है।स्वास्थ्य सम्बन्धी इन चिन्ताओं केमद्देनजर विश्व स्वास्थ्य ने अपनी नई रिपोर्ट में शराब और नशीली दवाओं की खपत को कम करने और इन मादक पदार्थों के सेवन से उपजे विकारों के लिए उपचार मुहैया कराने पर बल दिया है। साथ ही रिपोर्ट में मौजूदा स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की मदद से सतत विकास का लक्ष्य हासिल करने की दिशा में वैश्विक कार्रवाई में तेजी लाने का भी आग्रह किया है।विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक कई देशों ने शराब की मार्केटिंग पर कुछ हद तक पाबंदियां लागू की हैं मगर वे अपेक्षाकृत रूप से कमजोर हैं। 2018 में, संयुक्त राष्ट्र एजेंसी के एक अध्ययन के मुताबिक, अधिकांश देशों के परम्परागत मीडिया में शराब के प्रचार-प्रसार पर किसी ना किसी रूप में नियामन है। हालांकि दूसरी तरफ करीब पचास फीसदी देशों में इंटरनेट या सोशल मीडिया के लिए कोई नियम नहीं है।

अत: अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि विश्व स्वास्थ्य संगठन रिपोर्ट 2024- दुनियां में हर वर्ष शराब से 26 लाख मौतें- भारत में चीन से दुगनी मौतें !विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा ग्लोबल स्टेटस रिपोर्ट आन एल्कोहल एंड हेल्थ और ट्रीटमेंट का सब्सटेंस यूज डिसऑर्डर 2024 जारी।शराब व नशीली मादक चीजों के अत्यधिक सेवन से लीवर से जुड़ी समस्याएं,कैंसर,दिल की बीमारी से मौत होने की पुष्टि को रेखांकित करना जरूरी है।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3229



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुन: उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



1+2=3
1+3=4
7+9=16
8+9=17

### काकुरो - 3228 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक व्यक्ति ने कहा, 'आज इंसानियत है कहाँ?'

दूसरा व्यक्ति झट से बोला, 'क्यों आपके घर में 'शब्दकोश' नहीं हैं.

□ □ □

आप चार बार तलाक देने के बाद पाँचवीं बार विवाह करने क्यों जा रहे हैं? पहले व्यक्ति ने पूछा.

'क्यों, क्या पाँचों अंगुलियाँ बराबर होती हैं?' दूसरे व्यक्ति ने कहा.

□ □ □

पत्नी-'आप नींद में बहुत बोलते हैं.'

पति-'तो क्या तुम चाहती हो कि मैं नींद में भी तुम्हारी ही सुनता रहूँ.'

□ □ □

रमेश बहुत शर्मीला था.

एक दिन पार्टी में उसने अपनी प्रेमिका को फूलों का एक गुलदस्ता भेंट किया. प्रेमिका एकदम से भाव-विभोर होते हुए उससे लिपट गई और उसने उसका चुम्बन ले लिया.


रमेश झेंपकर हॉल से बाहर जाने लगा. इस पर उसकी प्रेमिका ने डरते हुए पूछा-''नाखुश हो गए ?''

''नहीं.''

रमेश जल्दी से बोला-''नाखुश होने की कोई बात नहीं है. मैं और फूल लेने जा रहा हूं.''

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली - 3229



**बायें से दायें:-**

१. सलमान, आयशा की 'बैठा नीली झील किनारे' गीत वाली फिल्म-३
३. 'और हम तुम' गीत वाली नाना पाटेकर, माधुरी की फिल्म-३
६. जीतेंद्र, रीना, रामेश्वरी की 'तूने मुझे बुलाया' गीत वाली फिल्म-२
७. 'जब भी ये दिल उदास' गीत वाली राकेश रोशन, सिम्मी की फिल्म-२
८. 'आज नाचूँ ऐसे' गीत वाली आशा पारेख, सुनील दत्त की फिल्म-२
९. फिल्म 'कसक' की नायिका कौन थी-३
१२. 'शहर की लड़की' गीत वाली फिल्म-३
१४. अमिताभ, परवीन की 'अंग्रेजी में कहते हैं' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'घर आजा परदेसी' गीत वाली सनी देओल, अमीषा की फिल्म-३
१८. हिंदी फिल्मों का पहला 'ही-मैन' किसे कहा जाता है-४
२०. 'छुपा रूस्तम' में नायिका कौन -२
२१. फिल्म 'अंत' में नायिका कौन थी-२
२२. अजय देवगन, ट्विंकल की 'मेरे सीने में तेरा' गीत वाली फिल्म-२
२३. 'दर्दे दिल दर्दे जिगर' गीत वाली फिल्म-२
२४.'चाइना टाउन' के संगीतकार कौन-२
२६. 'कभी खुशी कभी गम' में अमिताभ की पत्नी की भूमिका किसने की है-२
२७. 'फूल और काँटे' में अजय देवगन के साथ नायिका कौन थी-२
२८. 'नी मैं यार मनाना नी' गीत वाली राजेश, राखी, शर्मिला की फिल्म-२
३०. राजकुमार, राजेश, माला की 'गुस्सा इतना हसीन' गीत वाली फिल्म-३
३१. 'सारे मोहल्ले में हल्ला' गीत वाली फिल्म-२
३३. 'मनोरंजन' में शम्मी व संजीव कुमार के साथ नायिका कौन थी-३
३४. 'सजना साथ निभाना' गीत वाली फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. फिरोज खान, जीनत की 'हम तुम्हें चाहते हैं' गीत वाली फिल्म-३
२. 'कभी-कभी' में ऋषि की नायिका -३
४. 'बंदिश' में जैकी की नायिका-२
५. ऋषिकपूर, अरबाज, जूही की 'ऐसे मिली निगाहें' गीत वाली फिल्म-३
६. 'ओ मेरे ढोलना' गीत वाली बॉबी देओल, करिश्मा की फिल्म-३
१०. 'मोहे छेड़ो ना' गीत वाली फिल्म-२
११. 'दिल मेरा कहता है' गीत वाली सुनील, हरीश, सोनाली की फिल्म-३
१३. सनी, संजय, रवीना, दिव्या की 'दिल ना किसी का' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'मय से मीना से ना' गीतवाली फिल्म-४
१५. 'कसम से तेरी आँखें' गीतवाली फिल्म-४
१६. 'जिस दिल में बसा था' गीत वाली प्रदीपकुमार, कल्पना की फिल्म-३
१८. अमिताभ, विनोद, सायरा की 'तुम भी चलो' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'फूल माँगू ना बहार' गीत वाली संजयकपूर, माधुरी की फिल्म-२
२३. 'उधर से जो तुमको मिले फुरसत' गीत वाली फिल्म-४
२५. 'देखो देखो जी, ये है मेरी' गीत वाली जीतेंद्र, लीना की फिल्म-३
२७ रंजन, चित्रा, जयश्री की 'दिल लूटने वाले जादूगर' गीत वाली फिल्म-३
२९.'तदबीर से बिगड़ी हुई' गीतवाली फिल्म-२
३१. गोविंदा, जूही की 'आ जाना जरा' गीत वाली फिल्म-२
३२. 'माई हार्ट इज बीटिंग' गीतवाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली - 3228



## सूडोकु -3229


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | |
| 8 | 4 | | | 6 | | 9 | | 5 |
| 5 | | 6 | 8 | 2 | | 3 | | |
| | 1 | 5 | 6 | 3 | | | 9 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 3 | 6 | | | 9 | 7 | 1 | 4 | |
| | | 1 | | 4 | 8 | 7 | | 6 |
| 9 | | 4 | | 7 | | | 2 | 1 |
| | | | 2 | | | | 8 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3228 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 6 | 1 | 9 |
| 6 | 7 | 1 | 9 | 5 | 4 | 3 | 2 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 8 | 6 | 1 | 7 | 5 | 4 |
| 4 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 |
| 5 | 6 | 2 | 3 | 8 | 9 | 4 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 2 |
| 3 | 2 | 6 | 5 | 9 | 8 | 1 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 2 | 6 | 5 | 8 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 9 | 6 |

## शब्द पहेली - 3229




**बाएँ से दाएँ**

1.बादलों की गड़गड़ाहट-4
3.नीरस, रस विहीन-4
8.नेपाल की इस नायिका ने फिल्म 'सौदागर' से अपना कैरियर शुरु किया था-3,4
10.कंठस्थ करना-3
11.जुड़वा-3
13.उक्ति,काव्य कृति-3
15.आने वाला दिन-2
17.पर,पराया,दूसरा-2
18.हाथ-2
19.कविता लिखने वाल-2
21.बजाने वाला-3
25.कक्ष,रूम-3
26.ठिकाना,नीड़-3
27.हमारे देश के पूर्व प्रधानमंत्री-5,2
30.अभिप्राय-4
31.आतंकित होना-4

**ऊपर से नीचे**

2.तरुणाई,लड़कपन-3
4.सहायता,आधार-3
5.बीताना,यापन करना-4
6.दिखावा,पाखंड-4
7.जरुरत,स्वार्थ-3
8.राजी करना-3
9.योग्य-3
12.मसलना-3
13.इस चौथ को सुहागिन पति की रक्षा हेतु उपवास रखती हैं-3
14.सुगंध,लास-3
16.रोकड़ राशि-3
20.रुकना, स्थिर होना-3
22.विजय दशमी -4
23.भोर,सवेरा-3
24.सना हुआ,तर-4
25.छल,धोखा-3
28.अनुकृति-3
29.श्रंगार -3

### शब्द पहेली -3228 का हल



# एक लाख का इनामी बदमाश पकड़ा

## 3 साल से फरार था मुन्नीलाल, बिहार की पुलिस भी कर रही थी तलाश

गौतम बुद्ध नगर। नोएडा एसटीएफ को बड़ी सफलता हाथ लगी है। एसटीएफ ने 3 वर्ष से फरार चल रहे बिहार के कुख्यात बदमाश मुन्नीलाल को नोएडा के बिशनपुरा से गिरफ्तार कर लिया है। इस बदमाश पर एक लाख रुपए का इनाम घोषित था और काफी लंबे समय से बिहार पुलिस व उसके अलावा अलग-अलग जिलों की पुलिस इसकी तलाश कर रही थी।



एसटीएफ के द्वारा लगातार फरार बदमाशों और इनामी बदमाशों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है और ऐसे बदमाशों की लगातार धर पकड़ की जा रही है। इसी कड़ी में रविवार को नोएडा की एसटीएफ को सूचना मिली कि बिहार से हत्या के मामले में व उसके अलावा कई अन्य मामलों में फरार चल रहा एक इनामी बदमाश नोएडा में घूम रहा है। इसके बाद नोएडा की एसटीएफ ने मुन्नीलाल राय उर्फ मुन्ना राय को थाना सेक्टर 58 क्षेत्र के ग्राम बिशनपुरा से गिरफ्तार कर लिया। यह बदमाश मूल रूप से बिहार के बेगूसराय के सिंघोल का रहने वाला है। इस पर एक लाख रुपए का इनाम घोषित था।

नोएडा एसटीएफ की तरफ से जानकारी दी गई कि पकड़ा गया बदमाश मुन्नालाल करीब 45 वर्ष का है। हाई स्कूल पास है। वह 2013 में अवैध शस्त्र की बरामदगी के मामले में थाना कोतवाली बेगूसराय से जेल गया था। एक माह में छुटकर आ गया था। पूछताछ के दौरान मुन्ना राय ने बताया कि जब वह 2016 में बरनौली में तेल रिफाइनरी में मोटर चोरी करके ले जा रहा था तो पुलिस ने उसको पकड़ कर जेल भेज दिया था। वह लगभग दो माह तक जेल में रहा था। इसके बाद मुन्ना 2018 में थाना खगड़िया कोतवाली बिहार से अवैध असलहा के केस में जेल चला गया था और 3 महीने तक जेल में रहा था।

पूछताछ में मुन्ना ने यह भी बताया कि उसकी जमीन की रंजिश को लेकर उसके पड़ोसी शत्रुघ्न पासवान से विवाद चल रहा था और इसी बात के चलते उसने अपने भाइयों व अन्य के साथ मिलकर 23 फरवरी 2021 को शत्रुघ्न पासवान की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

इसको लेकर बेगूसराय जनपद के मुसफिल थाने में मुकदमा भी दर्ज किया गया। उसके सगे भाई अरविंद और पंकज को जेल भेज दिया गया। लेकिन मुन्ना फरार चल रहा था। आरोपी ने हत्या के 5 दिन बाद फिर से शत्रुघ्न पासवान के घर पर हमला कर दिया। इसमें मृतक के परिजन गंभीर घायल हो गए।

इसको लेकर भी मुन्ना के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ। इन सभी मुकदमों में मुन्ना लगातार 3 वर्ष से फरार चल रहा था और यह एनसीआर में छुपकर रह रहा था। पुलिस की गिरफ्तारी के डर से मुन्नीलाल राय उर्फ मुन्ना राय अपना नाम बदलकर मनीष के नाम से रह रहा था। फिलहाल नोएडा एसटीएफ और बिहार एसटीएफ टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी को लिखित कार्रवाई करने के बाद एसटीएफ बिहार को सपोर्ट किया गया है इस मामले में आगे की कार्रवाई एसटीएफ बिहार द्वारा की जा रही है

# लेबर सेस का भुगतान नहीं करने पर दो महीने में 510 को नोटिस

एजेंसी

नोएडा। श्रम विभाग ने लेबर सेस जमा नहीं करने पर पिछले दो महीने में 510 लोगों को नोटिस जारी किया है।

इन्होंने भवन निर्माण के दौरान आने वाली लागत का एक प्रतिशत लेबर सेस के रूप में जमा नहीं कराया है।

इन दो महीने में विभाग को 16 करोड़ की धनराशि प्राप्त हुई है। जबकि विभाग को इससे ज्यादा धनराशि जमा होने की उम्मीद थी।

2009 के बाद से 10 लाख से अधिक के निर्माण पर एक प्रतिशत लेबर सेस का भुगतान करना अनिवार्य है। इसके जरिए मिलने वाली रकम का प्रयोग श्रमिकों के हित में चलाई जा रही योजनाओं में किया जाता है। श्रम विभाग को सबसे ज्यादा लेबर सेस क्षेत्र निजी क्षेत्रों में हो रहे निर्माण कार्य से मिलता है। पिछले वित्तीय वर्ष 196 करोड़ रुपये लेबर सेस के रूप विभाग को मिले थे। इसमें से 90 प्रतिशत लेबर निजी क्षेत्र में हुए निर्माण कार्य से मिला था। लेबर सेस जमा करने में जिले का नाम सर्वश्रेष्ठ जिलों में शामिल है।

### सेटेलाइट सर्वे के आधार पर भेजे गए नोटिस

श्रम विभाग की ओर से अब तक सेटेलाइट सर्वे के जरिए 17070 भवन मालिकों को लेबर सेस जमा करने के लिए नोटिस जारी किए गए थे।

इसके लिए विभाग की ओर से एजेंसी की मदद ली गई थी। विभाग का कहना है कि इसमें 16120 मामले निस्तारित किए जा चुके हैं और 950 पर कार्रवाई चल रही है।

# निर्माणाधीन टावर से सुरक्षाकर्मी पर गिरी सटरिंग, मौत

ग्रेटर नोएडा। ग्रेनो वेस्ट की ला रेजीडेंसिया सोसाइटी में निर्माणाधीन टावर से सटरिंग सुरक्षाकर्मी पर गिर गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल फर्रुखाबाद निवासी रामलखन को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। हादसे के वक्त रामलखन टावर के पास लगे वाटर कूलर से पानी भर रहे थे। हादसे के बाद से निवासियों में बिल्डर के प्रति रोष है।

ग्रेनो में किराये पर रहने वाले रामलखन निजी एजेंसी में सुरक्षाकर्मी थे। फिलहाल उनकी ड्यूटी ला रेजीडेंसिया प्रोजेक्ट के उस हिस्से में थी, जहां पर खरीदारों को कब्जा मिल चुका है। शनिवार रात में उनकी ड्यूटी सोसाइटी के टावर-16 में थी। शिफ्ट के बाद रविवार सुबह करीब 8 बजे रामलखन वाटर कूलर पर पानी भरने गए थे। तभी निर्माणाधीन टावर-39 से सटरिंग रामलखन पर गिर गई। हादसे में बुरी तरह घायल रामलखन को आसपास के लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। बिसरख कोतवाली पुलिस ने सुरक्षाकर्मी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वही रामलखन के बेटे की शिकायत के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### निवासियों के साथ भी हो सकता है हादसा

हादसे के बाद सोसाइटी निवासियों में बिल्डर के प्रति रोष है। निवासियों के मुताबिक ला रेजीडेंसिया प्रोजेक्ट दो फेज में बन रहा है। पहला फेज बनकर तैयार है ।जहां 1000 से अधिक परिवार रह रहे है। जबकि फेज-2 निर्माणाधीन है। बिल्डर ने निर्माणाधीन एरिया की तरफ टीन लगा रखी है। जिस जगह हादसा हुआ वहां सोसाइटी निवासी टहलते हैं। साथ ही बच्चे भी खेलते रहते हैं। सुरक्षाकर्मियों के साथ अन्य स्टाफ भी वहीं से आते-जाते हैं। सटरिंग गिरने के समय अगर निवासी वहां पर होते तो और भी बड़ा हादसा हो सकता था। आरोप है कि जिस टावर से सटरिंग गिरी है।

# अनुसूचित जाति के 3800 लोगों से लोन के चार करोड़ की होगी वसूली

ग्रेटर नोएडा। अनुसूचित जाति के 3800 लोगों से चार करोड़ रुपये लोन की वसूली की जाएगी। स्वरोजगार शुरू करने के लिए विभिन्न योजनाओं के तहत उनको लोन दिया गया था। लोन की अवधि पूरी होने के बाद भी पैसा वापस नहीं किया गया है। पैसा वापस कराने के लिए उत्तर प्रदेश अनुसूचित विकास निगम के अधिकारी जुटे हैं। उत्तर प्रदेश अनुसूचित विकास निगम ने विभिन्न योजनाओं के तहत स्वरोजगार के लिए 3800 लोगों को 1997 से 2022 तक लोन दिया गया था। जिसमें सब्सिडी की राशि कम करने के बाद बकाया राशि को संबंधी बैंकों में जमा करना था। जिसमें एक लाख रुपये से कम राशि के लोग अधिक है। इस तरह की सभी योजनाएं 2022 में खत्म हो चुकी हैं। 3800 लोगों पर करीब 4 करोड़ रुपये बकाया है। संबंधी लोगों से विभाग के कर्मचारी संपर्क करके पैसा जमा करने का अनुरोध कर रहे हैं।

# अमेरिकियों को ठगने वाले गिरोह के चार मुख्य आरोपी समेत छह गिरफ्तार

## थाना सेक्टर-142 पुलिस ने आरोपियों के पास से 45 लाख रुपये भी किए बरामद

ग्रेटर नोएडा। थाना सेक्टर-142 पुलिस ने अमेरिका के निवासियों से साइबर ठगी करने वाले गिरोह के चार मुख्य आरोपी समेत छह और लोगों को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों के पास से 45 लाख रुपये व एक लैपटॉप बरामद किया हैं। जांच में पता चला है कि मुख्य आरोपी गुरुग्राम और मुंबई समेत कई शहरों के कॉल सेंटर में नौकरी कर चुके हैं। साथ ही 50 से अधिक देशों की यात्रा कर चुके हैं।

आरोपियों की पहचान गाजियाबाद के लोहियानगर निवासी भूपेन्द्र सिंह पुन्डीर उर्फ बन्टी, गौड़ सिटी निवासी सौरभ सिंह, सूरजपुर के स्वराज तिलपता निवासी शुभम उपाध्याय, गुजरात निवासी पटेल वंदन गांव सलारपुर निवासी अंकित ठाकुर, अहमदाबाद निवासी रोहन दिलीप सैन्डल के रूप में हुई है।

नोएडा के सेक्टर-90 स्थित भूटानी अल्फाथम बिल्डिंग में चार माह से कॉल सेंटर चल रहा था। जो पुलिस जांच में फर्जी निकला। शनिवार को थाना-142 पुलिस ने खुलासा कर 73 लोगों को गिरफ्तार किया। उनके पास से 73 कंप्यूटर, 14 मोबाइल और 48 हजार रुपये भी बरामद किए गए। कार्रवाई के दौरान मुख्य आरोपी फरार हो गए।

सौरभ मूलरूप से बिहार का रहने वाला है। पुलिस ने बताया कि आरोपी फर्जी कॉलर सेंटर से अमेरिका के लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी कर चुके हैं।

वहां के निवासियों को उनका सोशल सिक्योरिटी नंबर (एसएसएन) ब्लॉक करने की धमकी दी जाती थी। फिर गिफ्ट कार्ड या क्रिप्टो करेंसी के माध्यम से पैसा लेते थे।

### अमेरिका के लोगों से इस तरह करते थे ठगी

-कॉल सेंटर के कर्मचारी फर्जी टेली कॉलिंग से विदेशी नागरिकों को फोन करते थे।

-अमेरिकी नागरिकों को झांसे में लेकर उनका सोशल सिक्योरिटी नंबर हासिल करते थे।

-एक यूनिवर्सल पिच या स्क्रिप्ट का प्रयोग कर झांसे में लेते थे।

-आईवीआर के माध्यम से अमेरिकी नागरिकों को कॉल कर उनके सोशल सिक्योरिटी नंबरों का दुरुपयोग की धमकी देकर वसूलते थे धनराशि

-अमेरिकी मार्शल और अमेरिकी ट्रेजरी की फर्जी ईमेल आईडी से अमेरिकी नागरिकों के सोशल सिक्योरिटी नंबरों का दुरुपयोग कर उनका नाम अवैध आपराधिक गतिविधियों में आने और एफबीआई की जांच व गिरफ्तारी की बात से डराते थे।

-अमेरिकी मॉर्शल बनकर सुनते थे अमेरिकी नागरिकों का फोन

# 3 जुलाई को किसानों का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

## गौतमबुद्ध नगर में किसान संगठन ने मीटिंग कर लिया फैसला, जमीन अधिग्रहण का उठाएंगे मुद्दा

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा में एक बार फिर किसान हल्ला बोलेंगे। किसान सभा व किसान परिषद ने बैठक कर इस बात का फैसला लिया। किसानों ने 3 जुलाई को जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर आंदोलन करने की बात कही। किसान नेता रुपेश वर्मा ने बताया कि किसान सभा के आंदोलन के परिणाम में 21 फरवरी 2024 को अधिग्रहण से प्रभावित किसानों की समस्याओं पर विचार कर सिफारिश देने के लिए मुख्यमंत्री ने हाई पावर कमेटी का गठन किया था।



तीन सदस्यीय कमेटी के अध्यक्ष राजस्व परिषद के अध्यक्ष रजनीश दुबे हैं। मंडल आयुक्त एवं जिलाधिकारी कमेटी के सदस्य हैं। कमेटी को तीनों प्राधिकरण के अंतर्गत अधिग्रहण एवं सीधी खरीद से प्रभावित किसानों के 10त्न आबादी प्लाट दिए जाने, नए कानून को लागू किए जाने एवं अधिग्रहित आबादियों को छोड़े जाने के संबंध में 3 महीने के अंदर अपनी सिफारिश सरकार को देनी थी। 3 महीने 21 मई को पूरे हो चुके हैं, लेकिन कमेटी ने अभी तक किसानों के पक्ष में सरकार को अपनी सिफारिश नहीं सौंपी हैं।

उन्होंने कहा कि 10 प्रतिशत प्लाट को लेकर हाईकोर्ट के आदेश के परिपेक्ष में ठाकुर जयवीर सिंह की अध्यक्षता में बनी कमेटी 2011 में सभी किसानों को 10 प्रतिशत आबादी प्लाट देने की सिफारिश कर चुकी है, परंतु प्राधिकरण ने आज तक सिफारिशों को लागू नहीं किया। पिछले साल किसान सभा के एक साल के आंदोलन के परिणाम में प्राधिकरण ने तीनों समस्याओं सहित अन्य 21 समस्याओं को हल करने का लिखित आश्वासन दिया था। इसके क्रम में यह हाई पावर कमेटी बनी।

इतना ही नहीं नए कानून को लागू करने एवं 10 प्रतिशत प्लाट देने का प्रस्ताव पास कर शासन के अनुमोदन के लिए भी प्राधिकरण में भेजा था। परंतु अभी तक भी कोई परिणाम धरातल पर निकालकर नहीं आया है, जिस कारण दिन प्रतिदिन किसानों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

इसी सिलसिले में किसान सभा की आज जिला कमेटी की बैठक में यह प्रस्ताव पास किया गया है कि किसानों के 10 प्रतिशत आबादी प्लॉट, नए कानून को लागू करने, आबादियों को छोड़े जाने के संबंध में हाई पावर कमेटी तुरंत अपनी सिफारिशें सरकार को सौंपा। उसमें और अधिक विलंब किसानों को स्वीकार नहीं है, जिससे कि किसानों की समस्याएं हल हो सके।

किसान सभा के जिला अध्यक्ष डॉ रुपेश वर्मा ने कमेटी के उपस्थित साथियों को संबोधित करते हुए कहा कि किसान सभा 10 प्रतिशत आबादी प्लाट, नये कानून और आबादियों को छोड़े जाने के संबंध में अत्यंत गंभीर है, तब तक हम चैन से नहीं बैठेंगे जब तक समस्याएं हल नहीं हो जाती।

किसान सभा के महासचिव जगबीर नंबरदार ने कहा कि क्षेत्र के जनप्रतिनिधि किसानों की समस्याओं को लेकर गंभीर नहीं है।

जबकि जनप्रतिनिधियों को कमेटी पर किसानों के पक्ष में सिफारिश देने का दबाव बनाना चाहिए, परंतु जनप्रतिनिधि अपने कर्तव्य का पालन नहीं कर रहे हैं।

# एआरटीओ कार्यालय में नहीं, प्राइवेट ट्रैक पर देना होगा टेस्ट

नोएडा। ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए टेस्ट अब एआरटीओ कार्यालय में नहीं बल्कि ग्रेनो और दादरी में बने प्राइवेट ट्रैक पर होगा। यह व्यवस्था अगले सप्ताह से लागू कर दी जाएगी। इससे संबंधित फाइनल रिपोर्ट परिवहन विभाग ने शासन को सौंप दी है। अब केवल शासन से एसओपी जारी होने की देरी है

अहम है कि अब तक लाइसेंस बनवाने के लिए विभाग के पास कोई ट्रैक नहीं था। इस लिए मजबूरन चालकों का टेस्ट विभाग के पास ही था। लेकिन अब बकायदा पूरे टेस्ट की कैमरे की निगरानी में रिकॉर्डिंग की जाएगी। शासन स्तर से प्राइवेट क्षेत्र में प्रत्यायन ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर (एडीटीसी) बनाए जाने थे। ताकि जिले में पहला ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर बिसहाड़ा में साईं फायर एप्लाइंसिस प्राइवेट लिमिटेड के नाम से बनाया गया है। दूसरा ट्रेनिंग सेंटर दादरी में मेसर्स शिवम माबर्ल नाम से बनाया गया है। एआरटीओ प्रशासन डॉ सियाराम वर्मा ने बताया कि ड्राइविंग टेस्ट बेहतरी से हो सके इसके लिए व्यवस्था को बदला गया है। लाइसेंस का अप्रूवल परिवहन विभाग की ओर से ही किया जाएगा।

### कई और सेंटर बनेंगे

अधिकारियों के अनुसार जिले में ऐसे कई सेंटर खोलने के लिए आवेदन मांगे गए हैं। इसके लिए विभाग की ओर से नियम व शर्तें रखी गई हैं। एआरटीओ सियाराम वर्मा ने बताया कि केंद्र के लिए हल्के वाहन एक एकड़ जमीन जबकि भारी वाहन के लिए दो एकड़ जमीन की आवश्यकता होगी। इन केंद्रों पर लर्निंग लाइसेंस के प्रशिक्षण के लिए कक्षाओं का संचालन होगा। जबकि परमानेंट लाइसेंस का टेस्ट देने के लिए सिमुलेटर और आटोमेटिक ट्रैक पर प्रशिक्षण की भी व्यवस्था होगी। एआरटीओ कार्यालय में प्रतिदिन 150 स्थायी लाइसेंस बनाए जाते हैं। ऐसे में अब इन आवेदकों को कार्यालय आने की जरूरत नहीं होगी। अब सेंटर बनने से आवेदकों की पूरी प्रक्रिया होने के बाद आनलाइन डीएल डाउनलोड हो जाएगा और फिजिकल डीएल घर पहुंच जाएगा।

# भारत की जीत पर नोएडा में मना जीत का जश्न

एजेंसी

नोएडा। टी-20 विश्व कप के फाइनल मैच के लिए नोएडा में उत्साह देखने को मिला। मैच देखने के लिए नोएडा की सोसाइटी में बिग स्क्रीन के इंतजाम किए गए थे। यहां लोग परिवार के साथ मैच देखने गए। भारत की पारी में हर चौके-छक्के पर जमकर तालियां बजी।

क्रिकेट प्रेमियों ने जमकर आतिशबाजी की। टी-20 विश्वकप में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच में फाइनल मैच खेला गया। भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की। मैच के लिए नोएडा की सोसाइटी में कई जगह पर बिग स्क्रीन लगाई गई। मैच के शुरुआत में क्रिकेट प्रेमियों को थोड़ी निराशा हाथ लगी। इसके बाद लगातार बेहतर प्रदर्शन करते हुए टीम वर्ल्ड कप जीता।

सड़क पर हुडदंग न हो इसके लिए पुलिस बल भी तैनात रहा। वहीं लोगों ने जमकर आतिशबाजी की। नोएडा के बार और पब में भी बिग स्क्रीन लगाई गई थी।

इसके अलावा मॉल्स में बिग स्क्रीन लगातार मुकाबला दिखाया गया। इसके लिए लोगों को थोड़े पैसे खर्च करने पड़े। अंत में जीत के साथ उनके पैसे भी वसूल हुए। वहीं लोग जीत के जश्न में डूबे रहे।।

# अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के लिए स्नातक समारोह का आयोजन

## गौतमबुद्ध नगर में 26 देशों के 400 पास आउट छात्रों को दिए गए सर्टिफिकेट

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा के शारदा विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के लिए स्नातक समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 26 देशों के करीब 400 पासआउट छात्रों को सर्टिफिकेट दिए गए। इस दौरान इनके परिवार वाले भी शामिल रहे। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में नाइजीरिया, भूटान, इथोपिया, कांगो देशों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।



विश्वविद्यालय के प्रो चांसलर वाईके गुप्ता ने बताया कि जब छात्र देश से बाहर रहकर पढ़ाई करता है तो उसे अनेक चीज़ों का सामना करना पड़ता है वह उस देश की भाषा, संस्कृति, चीजों को समझता है। हमारे लिए यह बहुत गर्व की बात है कि 95 देशों के छात्र हमारे साथ जुड़े हैं। मैं इन सभी छात्रों के आने वाले उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं और कामना करता हूं कि यहां से अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद यह अपने देश का नाम, संस्थान का नाम और अपने परिवार का नाम रोशन करें।

विश्वद्यालय पीआर निदेशक डॉ अजीत कुमार ने कहा छात्रों के लिए आज का दिन बेहद जरूरी है। हर एक छात्र अपने जीवन में लक्ष्य को लेकर चलता है, जिसको पाने के लिए वह आज से उस पर कार्य करना शुरू करता है। शारदा विवि में हमने अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए एक अलग विभाग तैयार किया हुआ, जहां पर उन्हें एक परिवार जैसा माहौल हर एक देश के भाषा एक्सपर्ट, जिससे उन्हें बात चीत करने मे दिक्कत या परेशानी न हो उनके साथ उनके त्योहार को मिलकर मनाया जाता है। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय विभाग के निदेशक डॉ अशोक दरयानी, प्रो वाईस चांसलर डॉ परमानंद, डॉ कपिल पांडला,, डॉ आरबी साही, डॉ अन्विति गुप्ता, अजब सिंह, अनिल शर्मा ,समेत विश्वविद्यालय के अधिकारी मौजूद रहे।

# शार्ट न्यूज

## व्हाट्सएप ग्रुप के एडमिन को चेतावनी

ग्रेटर नोएडा। ग्रेनो वेस्ट की पंचशील हायनिश सोसाइटी के व्हाटसएप ग्रुप के एडमिन को पुलिस ने चेतावनी जारी की है। हाल ही में पानी की समस्या के दौरान ग्रुप पर निवासियों के बीच तीखी बहस और टिप्पणी की गई है। शिकायत मिलने पर पुलिस ने चेतावनी दी है कि अगर ग्रुप पर कुछ विवाद होता है तो तत्काल पुलिस को सूचना देनी होगी। साथ ही उसको बंद करना होगा। सोसाइटी में एओए का केवल एक व्हाटसएप ग्रुप चलेगा। दस दिन पहले पंचशील सोसाइटी में पानी की किल्लत रही थी। कई दिन बाद कुछ टावर में ही पानी पहुंचा। पानी की आपूर्ति को लेकर सोसाइटी में दो गुट हो गए। इस बात को लेकर सोसाइटी के व्हाटसएप ग्रुप पर दोनों गुटों के बीच तीखी बहस और टिप्पणी शुरू हो गई। कई लोगों ने अभद्र भाषा का भी प्रयोग किया। एक निवासी ने पुलिस को शिकायत दी और कुछ निवासियों पर मारपीट का आरोप लगाया। साथ ही व्हाटसएप ग्रुप के 50 से अधिक स्क्रीन शॉट की फोटोकापी भी दी। इसके बाद बिसरख पुलिस ने निर्देश जारी किए कि सोसाइटी में केवल एओए का एक ग्रुप रहेगा। उसी पर जानकारी निवासियों को दी जाएगी। सोसाइटी में निवासियों का केवल एक ग्रुप बनाया जाए। बाकी को तत्काल बंद करना होगा।

## पिकअप ने मासूम को कुचला, शव को गोद रखकर रोका यातायात

नोएडा। होशियारपुर गांव के गली नंबर-19 में पिकअप चालक ने टॉफी लेने गए मासूम (2) बच्चे को कुचल दिया। शनिवार शाम हो हुए हादसे में बच्चे की मौत हो गई। रविवार दोपहर को पिकअप चालक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ग्रामीण उग्र हो गए। बच्चे के शव को गोद में लेकर परिजन और ग्रामीण सड़क पर बैठ गए। इससे सिटी सेंटर से सेक्टर-71 के बीच आधे घंटे से अधिक तक जाम लग गया। पुलिस अधिकारियों ने लोगों को समझाकर वहां से हटाया। मूलरूप से हरदोई निवासी अंकित गुप्ता सेक्टर-51 होशियारपुर में पत्नी और बच्चे के साथ रहते हैं। शनिवार शाम को अंकित बेटा अभि गुप्ता टॉफी लेने घर के बाहर निकला। दुकान के पास पिकअप चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसे कुचल दिया। बच्चे को तुरंत अस्पताल ले जाया गया। जहां से उसे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर किया गया। हालांकि रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। इधर पिकअप चालक गाड़ी लेकर भाग निकला। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर रविवार को परिजनों को सौंप दिया। इस बीच आरोपी चालक की गिरफ्तारी नहीं होने पर परिजन और ग्रामीण नाराज हो गए। उन्होंने गली नंबर 11 के सामने मुख्य सड़क जाम कर दिया। इससे सिटी सेंटर से सेक्टर-71 व सेक्टर-71 से सिटी सेंटर वाले दोनों तरफ के रास्ते पर जाम लग गया। नाराज परिजनों ने जल्द से जल्द पिकअप चालक की गिरफ्तारी की मांग की।

## गाजियाबाद में एनकाउंटर, बदमाश को लगी गोली

गाजियाबाद। गाजियाबाद के शालीमार गार्डन इलाके में शनिवार देर रात पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। इसमें एक बदमाश के पैर में गोली लगी है। पता चला है कि ये बदमाश एक दुकानदार की हत्या का प्रयास करने के मामले में शामिल था और वांटेड चल रहा था। एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया, 29 जून की रात शालीमार गार्डन थाने की पुलिस लोहिया पार्क के पास पाइप मार्केट से आने वाली रोड पर चेकिंग कर रही थी। तभी एक मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति पाइप मार्केट की तरफ से आता दिखाई दिया। उसको रुकने का इशारा किया गया तो नहीं रुका और अपनी मोटरसाइकिल को तेजी से डीएवी स्कूल की तरफ लेकर भागने लगा। शक होने पर पुलिस ने पीछा किया किया तो हड़बड़ाहट में उसकी मोटरसाइकिल डीएवी स्कूल गेट नंबर 3 के सामने फिसलकर गिर गई और वो पुलिस पर फायरिंग करने लगा। आत्मरक्षार्थ पुलिस ने फायरिंग की तो बदमाश को एक गोली लग गई। उसकी पहचान 19 वर्षीय आशीष निवासी शालीमार गार्डन के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि पिछले दिनों उसने अपने साथी संग मिलकर कोल्डड्रिंक व पानी बेचने वाले दुकानदार धनपत कुशवाहा पर चाकू-पेचकस से हमला कर दिया था। पुलिस ने बताया कि इस मामले में आशीष वांटेड था। उसके कब्जे से तमंचा, कारतूस, चोरी की बाइक, वारदात में प्रयुक्त पेपर कटर, पेचकस बरामद किया है।

## गाजियाबाद में रेप पीड़िता ने पिया तेजाब

गाजियाबाद। गाजियाबाद के वेव सिटी इलाके में एक रेप पीड़िता ने घटना से आहत होकर तेजाब पी लिया। पीड़िता को दिल्ली के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी ऑटो चालक को गिरफ्तार कर लिया है। सहायक पुलिस आयुक्त पूनम मिश्रा ने बताया, ये घटनाक्रम वेव सिटी थाना क्षेत्र में शाहपुर बम्हेटा गांव का है। यहां के रहने वाले एक व्यक्ति 28 जून को थाने पर आए। उन्होंने बताया कि पड़ोस में रहने वाले व्यक्ति कमालु उनकी नाबालिग बहन को बहला-फुसलाकर बाहर ले गया और गलत काम किया। ये घटना 22 जून की है। जिसके बाद उनकी बहन ने तेजाब पीकर आत्महत्या करने की कोशिश की, जो फिलहाल दिल्ली के अस्पताल में उपचाराधीन है। पुलिस ने शिकायत मिलते ही इस केस में तत्काल मुकदमा दर्ज किया और आरोपी को हिरासत में ले लिया है। दरअसल, 16 वर्षीय किशोरी इस गांव में अपने परिवार के साथ रहती है। किशोरी के परिजन मेहनत-मजदूरी करते हैं। पड़ोस में ही रहने वाला कमालु ऑटो चलाता है। वो 22 जून को किशोरी को नोएडा ले गया और रेप किया। इससे आहत होकर किशोरी ने 23 जून को तेजाब पी लिया। पहले किशोरी का इलाज गाजियाबाद में चला, फिर उसको दिल्ली रेफर कर दिया। फिलहाल उसकी हालत स्थिर बनी हुई है।

## क्रिप्टो में निवेश के नाम पर 15.65 लाख ठगे

गाजियाबाद। क्रिप्टो करेंसी में निवेश करने पर कमाई का झांसा देकर साइबर ठगों ने इंदिरापुरम की रहने वाली मनीषा से 15.65 लाख रुपये ठग लिए। ठगों ने पहले उन्हें टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ा जहां ट्रेडिंग संबंधी प्रशिक्षण दिया गया, इसके बाद रुपये निवेश कराना शुरू किया। उन्होंने जब रुपये निकालने का प्रयास किया तो उनसे कमीशन के तौर पर रकम मांगी गई। इस पर उन्हें ठगी का एहसास हुआ और उन्होंने साइबर अपराध थाने में मुकदमा दर्ज कराया। मनीषा का कहना है कि लिंक भेजकर उन्हें ग्रुप में जोड़ा गया जहां एक एप भी इंस्टॉल कराई गई। ग्रुप में उन्हें ट्रेडिंग और निवेश के बारे में अलग-अलग तरीके से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान ही उनसे रुपये निवेश कराए गए। तीन दिन बाद जब उन्होंने रुपये निकालने का प्रयास किया तो कमीशन के तौर पर उनसे मुनाफे की 20 फीसदी रकम मांगी गई। उन्होंने मुनाफे में से काटकर रुपये देने को कहा तो नियम शर्त बताकर अलग से कमीशन देने को कहा। इसके बाद उन्होंने ऐसा करके कई बार में 15.65 लाख रुपये ले लिए। एडीसीपी अपराध सच्चिदानंद ने बताया कि ठगी गई रकम को फ्रीज कराने का प्रयास किया जा रहा है। जिन खातों में रकम गई हैं। उनकी जानकारी मंगवाई जा रही है।

## प्राथमिक इलाज के बाद ही मरीजों को किया जाए रेफर

गाजियाबाद। किसी भी गंभीर मरीज को प्राथमिक इलाज करने के बाद ही रेफर कर सकेंगे। अधिकांश अस्पताल में कार्यरत डॉक्टर गंभीर मरीजों को देखते ही बाहर का रास्ता दिखा देते हैं। सीएमओ डॉ. भवतोष शंखधार ने सरकारी और प्राइवेट अस्पताल प्रबंधन को नोटिस जारी कर कहा है कि नियम का उल्लंघन करने पर अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ मेडिकल स्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। शासन ने निर्देश जारी किया था कि किसी भी हादसे में घायल या बीमार के गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचने पर बिना प्राथमिक चिकित्सा के रेफर नहीं किया जाए, लेकिन इस समय अधिकांश अस्पतालों (सरकारी और प्राइवेट) में डॉक्टर गंभीर मरीज देखते ही हायर सेंटर ले जाने की सलाह दे देते हैं। सीएमओ ने बताया कि आपातकालीन सेवाओं और इमरजेंसी पेशेंट केयर सर्विस को लेकर लगातार गंभीरता बरती जा रही है। सीएमओ ने बताया कि कई शिकायतें मिली हैं जिसमें कहा गया है कि कई मामलों में गंभीर मरीज को प्राथमिक उपचार किए बिना ही रेफर किया गया। इसलिए सभी को निर्देश जारी किया गया है कि प्राथमिक उपचार के बाद ही गंभीर मरीजों को हायर सेंटर के लिए भेजा जाए।

# महिला का सिर काटकर कूड़े में फेंका

## अलीगढ़ में आरोपी बोला- मैं उससे प्यार करता था, वो रेप केस में फंसाने की धमकी देती थी

अलीगढ़। अलीगढ़ में 28 जून को एक महिला की सिर कटी लाश कूड़े में पड़ी मिली थी। पुलिस ने उसकी पहचान कर ली है। साथ ही हत्या करने वाले आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह महिला से प्यार करता था, लेकिन महिला उसे लगातार ब्लैकमेल कर रही थी। उससे रुपए मांगती थी। मना करने पर रेप के झूठे केस में फंसाने की धमकी देती थी। इसी से तंग आकर उसने महिला की हत्या कर की थी।

### हाथरस से आकर अलीगढ़ में ऑटो चलाता था

हजारीलाल (52) मूल रूप से हाथरस के काजी थाना सासनी के गांव बसई का रहने वाला है। उसने पुलिस को बताया, वह पिछले 30 साल से अलीगढ़ में रह रहा है। उसकी पत्नी की कई साल पहले मौत हो चुकी है। वह रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड के आसपास गाड़ी चलाता था। इसी दौरान उसकी जान पहचान विनेश (45) से हुई। वह बस स्टैंड के पास झुग्गी में रहकर फेरी लगाती थी। बातचीत के बाद उससे प्यार करने लगा था।



### 10 हजार रुपए मांगे थे, मना करने पर रेप केस में फंसाने की धमकी दी थी

आरोपी के मुताबिक, विनेश ने कुछ दिनों के बाद उसका फायदा उठाना शुरू कर दिया। बीते दिनों महिला ने उससे 10 हजार रुपए मांगे थे। उसके पास रुपए नहीं थे। जब उसने विनेश को मना किया तो उसने रेप के केस में फंसाने की धमकी दी थी। इसके चलते उसने उसकी हत्या का प्लान बनाया।

### गला दबाकर मारा, फिर चाकू से अलग किया सिर

आरोपी ने बताया, उसने विनेश को घर ले जाकर 10 हजार रुपए देने की बात कही। उसने धोखे से महिला को रेलवे स्टेशन से अपने साथ ऑटो में बैठा लिया। इसके बाद वह उसे अपने घर ले आया और यहां मौका देखकर उसका गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद वह लाश को ठिकाने लगान की सोचने लगा।

वह रसलगंज से एक ड्रम लेकर आया और उसमें लाश छिपा रहा था। लेकिन शव उसमें नहीं आ रहा था। जिसके बाद उसने चाकू से महिला की गर्दन को अलग कर दिया और सिर कटी लाश को ड्रम में रखकर चल पड़ा। आगे जाकर उसने छर्रा अड्डे के पास कूड़े वाली जगह में ड्रम को छोड़ दिया और मौके से फरार हो गया।

### छर्रा अड्डा के पास फेंकी थी लाश

अलीगढ़ के क्वार्सी थाना क्षेत्र के छर्रा अड्डा के पास विनेश की लाश कूड़े में पड़ी मिली थी। लोगों से सूचना पाकर गांधीपार्क और क्वार्सी पुलिस मौके पर पहुंची थी। सीओ थर्ड भी मौके पर पहुंचे थे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। इसके बाद ही उन्होंने मामले के खुलासे के लिए स्पेशल टीम का गठन कर दिया था, जो घटना के खुलासे में जुट गई थी। आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे थे।

### सीसीटीवी से पकड़ा गया आरोपी

एएसपी अमृत जैन ने बताया, इस दौरान उन्हें एक ऑटो ड्राइवर नजर आया था, जिसकी गतिविधि संदिग्ध थी। उसके ऑटो के पीछे गुरु लिखा हुआ था, पुलिस ने उसकी डिटेल निकालकर ड्राइवर की तलाश शुरू की थी। आज पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपना जुर्म भी कबूल कर लिया।

# गौकशी की घटना का वांछित इनामी बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

बुलन्दशहर। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में पुलिस ने गौकशी की घटना में वांछित 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश को पुलिस ने एक मुठभेड़ के दौरान घायलावस्था में गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से अवैध असलहा,कारतूस व बाइक बरामद किए गये हैं।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बताया कि जनपद में वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत शनिवार तड़के तीन बजे थाना अरनिया पुलिस एक सूचना के आधार ग्राम शाहपुर बम्बे के पास संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की चैकिंग कर रही थी तभी दो बाइकों पर सवार चार संदिग्ध व्यक्ति आते दिखाई दिये। पुलिस द्वारा रूकने का इशारा करने पर दोनों बाइक सवार बदमाशों ने मोटरसाइकिलों को पीछे मोड़ ली इनमें एक बाइक सवार अंधेरा का फायदा उठाते हुए पुलिस गिरफ्त से भाग गया जबकि दूसरी सवार बदमाश ग्राम जरारा के जंगल की ओर जाने वाले रजवाहे के पुल की तरफ भागने लगे तभी हड़बड़ाहट में बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई ।

बदमाशों को घेरकर पुलिस ने आत्मसमर्पण करने के लिए कहा, जिसपर इनमें से एक बदमाश ने पुलिस पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया। पुलिस द्वारा जवाबी फायरिंग में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया, जिसको घायल अवस्था मे गिरफ्तार किया गया व दूसरा बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल की ओर भागने में सफल रहा। जिनकी कांबिंग कर गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं। पुलिस ने गिरफ्तार/घायल बदमाश की पहचान थाना अरनिया जनपद बुलंदशहर के ग्राम रोहंदा निवासी शाहरुख उर्फ टीटू के रुप में की हैं। घायल बदमाश को उपचार हेतु जिला अस्पताल बुलन्दशहर में भर्ती कराया गया हैं। बदमाश के कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस व पूर्व की घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद हुए हैं।

उल्लेखनीय है कि बदमाश शाहरूख उर्फ टूटू शातिर किस्म का गौकश अपराधी है इस पर जनपद बुलंदशहर अलीगढ़ मथुरा में दो दर्जन गोकशी के मुकदमे दर्ज हैं तथा थाना अरनिया में दर्ज मुकदमे में वांछित चल रहा था जिसकी गिरफ्तारी पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलन्दशहर द्वारा 25 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया था।

# जौनपुर में शराब पीने के विवाद में एक की मौत

जौनपुर । उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के जलालपुर थाना क्षेत्र के जलालपुर बाजार में शराब पीने के विवाद में हुई मारपीट में एक व्यक्ति की देर रात जिला अस्पताल में मौत हो गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार जिले में जलालपुर थाना क्षेत्र के जलालपुर बाजार में शनिवार की देर शाम अनिल सरोज (33) निवासी महिमापुर व सुनील सोनकर (35) निवासी लालपुर के बीच शराब पीने को लेकर मारपीट हुई, जिसमे अनिल के सिर में चोट लग गयी। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां इलाज के दौरान देर रात उसकी मृत्यु हो गयी है। घटना के सम्बंध में क्षेत्राधिकारी केराकत प्रतिमा वर्मा ने बताया कि पुलिस को आज सुबह इसकी सूचना मिली जलालपुर थाने की पुलिस तत्काल मौके पर पहुंचकर आरोपी सुनील सोनकर को गिरफ्तार कर लिया है और मृतक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# बरेली में फायरिंग करने वाले 2 बदमाश एनकाउंटर में घायल

## कार चढ़ाकर पुलिसकर्मियों को कुचलने की कोशिश, जंगल में दौड़ाकर पुलिस ने गोली मारी

बरेली। बरेली में प्लॉट के विवाद में 22 जून को अंधाधुंध फायरिंग हुई। शनिवार रात इज्जतनगर पुलिस और फायरिंग करने वालों के बीच मुठभेड़ हुई।

इसमें दो बदमाशों को गोली लगी है। रात में नहर की पटरी से अड् ?डापुरा को जाने वाली रोड पर इन दोनों ने चेकिंग के दौरान पुलिसकर्मियों को कार से कुचलने की कोशिश की। उन पर फायरिंग की।

फिर पुलिस से घिरता देख दोनों जंगल



की ओर भागे। पुलिस ने जंगल में दौड़ाकर गोली मारी, गोली दोनों के पैर में लगी और वह गिर गए।

फिर पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया। घायल बदमाश कृष्णपाल उर्फ केपी यादव थाना हाफिजगंज और सुभाष लोधी अटारिया सीबीगंज का रहने वाला है।

पुलिस की तरफ से दर्ज मुकदमे में केपी यादव फरार था, जबकि जांच में सुभाष लोधी का नाम सामने आया था। केपी यादव पर पहले से 14 मुकदमे दर्ज हैं।

सीओ थर्ड अनीता चौहान और इंस्पेक्टर इज्जतनगर राधेश्याम की मौजूदगी में पुलिस ने घेराबंदी की। घायल बदमाशों को जिला अस्पताल ले जाया गया है। इंस्पेक्टर राधेश्याम ने बताया- घटना के दिन सभासद केपी यादव और सुभाष लोधी ने भी फायरिंग की थी। डिवाइडर की आड़ में फायरिंग करने वाला सभासद केपी यादव है।

जो वीडियो में फायर करता दिख रहा था। जिस पर अलग-अलग थानों में पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं। बदमाशों के पास से 2 तमंचा, कारतूस और बिना नंबर की स्विफ्ट कार बरामद हुई है।

# यूपी में हरियाणा के बिजनेसमैन का मर्डर

## बेड पर मिला शव, हाथ-पैर बंधे थे, मुंह में कपड़ा ठूंसा था

लखीमपुर-खीरी। लखीमपुर में हरियाणा के बिजनेसमैन की घर में घुसकर हत्या कर दी गई। उनका शव बेड पर पड़ा मिला है। हाथ-पैर बंधे थे। मुंह में कपड़ा ठूंसा था। घर का सामान बिखरा था। बिजनेसमैन अकेले ही रहते थे।

परिवार हरियाणा के सोनीपत में रहता है। रविवार सुबह मेड खाना बनाने पहुंची तो वारदात का पता चला। मेड के शोर मचाने पर आस-पास के लोग पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पड़ोसियों से पूछताछ की। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

एसपी खीरी गणेश प्रसाद ने बताया कि सोनीपत निवासी बिजनेसमैन कृष्ण कुमार सेठी (45) का खजुरिया बाजार में स्पेयर पार्ट्स और लोहे का कारोबार है। 4-5 कर्मचारी काम करते हैं। ऑफिस से थोड़ी दूर पर उनका घर है। वह अकेले ही रहते थे।

आस-पास के लोगों का कहना है



कि शनिवार शाम को कृष्ण कुमार ऑफिस से 8-9 बजे के बीच घर आए थे। रविवार सुबह मेड खाना बनाने पहुंची, देखा तो घर का गेट खुला था। अंदर कमरे में बेड पर कृष्ण कुमार का शव औंधे मुंह पड़ा हुआ था। हाथ-पैर बंधे थे। मुंह में कपड़ा ठूंसा गया था। फर्श पर खून बिखरा हुआ था।

बिजनेसमैन का शव देखकर मेड चिल्लाती हुई बाहर आई। लोगों को बताया कि कृष्ण कुमार की किसी ने हत्या कर दी है। वारदात की सूचना पर संपूर्णानगर कोतवाली की पुलिस मौके पर पहुंची। डॉग स्क्वाड और फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट्स टीम को मौके पर बुलाया। टीम ने मौके से सबूत जुटाए हैं।

### ब्याज पर भी पैसे थे बिजनेसमैन कृष्ण कुमार

पुलिस के मुताबिक, सेठी परिवार का खजुरिया में 35 साल से बिजनेस है। पहले कृष्ण कुमार के पिता खेमचंद सेठी बिजनेस संभालते थे। खजुरिया पिछड़ा इलाका है। इसके चलते उनका परिवार सोनीपत में रहता है। कृष्ण कुमार स्पेयर पार्ट्स के अलावा ब्याज पर रुपए देने का भी काम करते थे।

### एसएचओ बोले- लेन-देन में हुई हत्या

एसएचओ निराला तिवारी ने आशंका जताई है कि पैसे के लेनदेन को लेकर व्यापारी की हत्या की गई है। लोगों से पूछताछ की जा रही। आस-पास के सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा। घरवालों को सूचना दे दी गई है।

### जौनपुर: सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

जौनपुर। उत्तरप्रदेश में जौनपुर जिले के शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के अक्खीपुर गांव के समीप रविवार की सुबह अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार जिले में सरपतहां थाना क्षेत्र के अरसिया मनवल गांव निवासी संजय गौतम (34) पुत्र हरिराम गौतम खुटहन थाना क्षेत्र के सौरैंया गांव में अपनी ससुराल में रहता था। शाहगंज में कभी मजदूरी तो कभी वाहन चलाकर परिवार का भरण पोषण कर रहा था। रविवार की सुबह वह काम की तलाश में बाइक लेकर शाहगंज आ रहा था कि अक्खीपुर गांव के समीप पहुंचा था कि पीछे से आ रही तेज रफ्तार वाहन ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। जिसमें युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। पुलिस ने विधिक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# मोहर्रम पर बिजली-पानी दुरुस्त करने की मांग



ललितपुर। हज़रत बाबा सदन शाह के रैन बसेरा पर मोहर्रम ताजिया को लेकर सभी ताजिया दारो ने व बुर्राक बनाने वालो के साथ बैठक का आयोजन किया गया।

मोहर्रम कमेटी के सदर रमजान अली दादा की अध्यक्षता में ताजिया दारो के साथ बैठक का आयोजन किया गया। जिस में ताजिया दारों ने कर्बला शरीफ में साफ सफाई व बिजली, लाइटों और पीने का पानी का इन्तजाम नगर पालिका द्वारा हर साल तरह किया जाए जिस से वहाँ पर किसी भी प्रकार समस्या का सामना न करना पड़ा। ताजिया ठन्डे करने के लिये नाव की व्यवस्था हर साल की तरह नगर पालिका द्वारा कराये जाने की बात की हर साल की तरह जिस रास्ते से ताजिया व बुर्का निकलतें है उन रास्तों पर स्ट्रीट लाइट व उन रास्तों को ठीक कराया जाए साथ ही बिजली के तारों ऊंचा कराया जाए। सभी ताजिया द्वारों के मुकाम पर नगर पालिका द्वारा साफ सफाई व चुना आदि डालने की व्यवस्था की जाये। जिन रास्तों से ताजिया निकलना है। उन रास्तों पर पेंडो की डाले और बिजली के तारों की ऊँचा करया जाये। मोहर्रम शरीफ की चांद को 07 तारीख को अलम निकले जायेंगे।

# डायरिया की रोकथाम के लिए आज से चलेगा अभियान

सीतापुर ।बारिश के मौसम में बच्चों को डायरिया यानि दस्त होने की संभावनाएं बढ़ने लगती हैं। शरीर में पानी की कमी होने से बच्चे बीमार होने लगते हैं। इसी को देखते हुए पांच साल से कम उम्र के बच्चों में डायरिया के दौरान ओआरएस और ज़िंक के उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा इसके प्रबंधन, उपचार व परामर्श के लिए आगामी एक जुलाई से 'डायरिया रोको अभियान' चलाया जाएगा। यह अभियान पूरे जुलाई और अगस्त माह तक चलेगा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरपाल सिंह ने बताया कि बारिश के दिनों में आस-पास पानी जमने से वायरल, बैक्टीरियल और पैरासिटिक इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में बच्चों को डायरिया हो सकता है। यह दूषित भोजन और पानी के माध्यम से संचारित होता है। इस मौसम में रोगाणु अधिक आसानी से और तेजी से बढ़ते हैं।

इसका एक कारण रोटा वायरस भी है। डायरिया के कारण बच्चों में डिहाइड्रेशन होने की समस्या बढ़ जाती है। यदि दस्त संक्रमण के कारण होता है तो बच्चे में मतली, उल्टी वजन कम होना, बुखार और खाने की इच्छा न होने जैसे लक्षण नजर आ सकते हैं। कई बार ये समस्या जानकारी न होने के कारण जानलेवा भी हो सकती है, इसलिए इसके लक्षणों को नजरअंदाज न करें। ऐसी स्थिति में स्वास्थ्य केन्द्र अथवा प्रशिक्षित चिकित्सक को दिखाएं।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि इस बार अभियान की थीम 'डायरिया की रोकथाम, सफाई और ओ आरएस से रखें अपना ध्यान' निर्धारित की गई है। अभियान में पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों में दस्त प्रबंधन, उपचार और परामर्श पर ज़ोर दिया जाएगा।

आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर दस्त से ग्रसित बच्चों के परिजनों को ओआरएस घोल बनाने की विधि सिखाएंगी। साथ ही इसके और ज़िंक के उपयोग के फायदे के साथ ही साथ साफ-सफाई स्वच्छता के बारे में भी जानकारी देंगी।

डायरिया होने पर ओआरएस और ज़िंक के उपयोग से बच्चों में तेजी से सुधार होता है।

### बुलंदशहर के युवक का हापुड़ में मिला शव

बुलंदशहर। बुलन्दशहर के स्याना के मोहल्ला पट्टी हरनाम सिंह निवासी कारपेंटर का शव हापुड़ के गढ़मुक्तेश्वर में रेलवे ट्रैक के किनारे पड़ा मिला। गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही मृतक के परिजनों में हाहाकार मच गया। जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला पट्टी हरनाम सिंह निवासी कारपेंटर का कार्य करता था। उसका मेन घर भोपाल में था। वो फर्नीचर का काम करने के लिए हापुड़ के गढ़मुक्तेश्वर में गया था। कारपेंटर का शव गढ़मुक्तेश्वर में पड़ा मिला। पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक कारपेंटर के भाई अरविंद ने बताया कि वह बीते दिन शनिवार को गढ़मुक्तेश्वर में फर्नीचर का काम करने के लिए गया हुआ था। अरविंद ने बताया कि उसका भाई नगर व आसपास क्षेत्र में काम करने के लिए जाता रहता था।

# युवक ने खुद के अपहरण की रची साजिश, अपने घर वालों से मांगी पांच लाख रुपये की फिरौती

ललितपुर। अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक झांसी, परिक्षेत्र झांसी के निर्देश के क्रम में पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली पुलिस व स्वाट टीम व सर्विलांस व साइबर थाने की संयुक्त टीम द्वारा स्वयं का अपहरण कर 05 लाख रूपये की फिरौती मांगने तथा फिरौती न मिलने पर हत्या कर देने की झूठी सूचना देने वाले अभियुक्त1. पुष्पेन्द्र पटेल पुत्र स्व0 बहादुर सिंह निवासी ग्राम बडगाना थाना नाराहट उम्र 32 वर्ष को मुखबिर खास की सूचना पर विरधा बस स्टाप चौकी क्षेत्र विरधा थाना कोतवाली से गिरफ्तार कर मु.अ.सं.-529/2024 धारा धारा - 364ए सपठित धारा 116 आईपीसी में नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी । मुकदमा वादी जितेन्द्र सिंह पुत्र स्व0 बहादुर सिंह निवासी बड़गाना थाना नाराहट ललितपुर द्वारा थाने पर वादी के भाई की गुम होने की सूचना दी गयी थी । दी गयी सूचना के आधार पर



थाना कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज की गयी थी । अपहृत के भाई जितेन्द्र द्वारा पुन. 27.06.2024 थाने पर तहरीर देकर अवगत कराया गया कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा वादी के भाई को गुप्त तरीके से बंधक बना लेने के सम्बंध में सूचना दी गयी । सूचना के आधार पर थाना कोतवाली में दिनांक 27.06.2024 को सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया । अपहृत की सकुशल बरामदगी हेतु टीम का गठन किया गया था ।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए अभियुक्त की बरमदगी हेतु क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में चार टीमे स्वाट टीम, साइबर, सर्विलांस व थाना स्तर से गठित की गयी है । अपहर्त के मोबाइल का सर्विलांस के माध्यम से विश्लेशण किया गया । सर्विलांस से प्राप्त साक्ष्यों व वादी व परिवारीजनो से घटना के सम्बन्ध में जानकारी की गयी । मुकदमा उपरोक्त की विवेचना करते हुए गहनता से जाँच की गयी तो गठित टीम द्वारा अभियुक्त पुष्पेन्द्र को स्वयं के अपहरण की साजिश रचने में गिरफ्तार किया गया ।

गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक रमेशचंद्र मिश्रा, उ.नि.अतुल तिवारी, कां.अजय कुमार, कां.राहुल कुमार, कां.विक्रम सिंह, उप निरीक्षक राहुल राठौर के अलावा सर्विलांस और साइबर क्राइम की टीमें शामिल रहीं।

अनावरण करने वाली पुलिस टीम को एसपी द्वारा प्रशिस्त पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा ।

## शार्ट न्यूज

### दुष्कर्म का वांछित आरोपी गिरफ्तार



ललितपुर । गिरार दुष्कर्म,के मामले में वांछितआरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी मड़ावरा राजेश कुमार श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना गिरार पुलिस द्वारा थाने पर पंजीकृत मु0अ0सं0 33/24 धारा 376/366/342/506 भादवि के वांछित अभियुक्त सरदार पुत्र चरन उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम बुदावनी थाना तालबेहट को मुखबिर की सूचना पर ग्राम सेमरखेडा थाना गिरार से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी । गिरफ्तारी करने वाली टीम थानाध्यक्ष महेन्द्र कुमार उ.नि. अर्जुन सिंह कां. राममिलन कां. राघवेन्द्र आदि शामिल रहे।

### वृद्ध का संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर कमरे में लटका मिला शव

विशाल इंडिया/ब्यूरो

सीतापुर। जिले के थाना कमलापुर क्षेत्र के कस्बा कमलापुर में एक वृद्ध का संदिग्ध परिस्थितियों में घर के कमरे में लटकता हुआ शव मिला। वृद्ध का शव कुत्ते के पटे से फांसी के फंदे पर झूलता हुआ मिला है। जांच के बाद ही मौत के कारण स्पष्ट होंगे कि वृद्ध ने आत्महत्या की है या उसकी हत्या की गई है। जानकारो के अनुसार वृद्ध काफी दिनों से परेशान दिख रहा था थाना कमलापुर क्षेत्र के अन्तर्गत स्टेशन रोड के रहने वाले साठ वर्षीय वृद्ध का संदिग्ध परिस्थितियों में उसी के घर के कमरे मे फांसी के फंदे पर शव लटका हुआ मिला है। इस घटना की खबर मिलते ही परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गई कि आखिरकार यह सब कैसे हुआ। वहीं इसके बारे में परिजनों के अनुसार जब सुबह वृद्ध के पुत्र को कमरे से दुर्गंध आने लगी तो देखा कि नवीन शुक्ल उर्फ उमाशंकर कमरे में फांसी के फंदे पर झूल रहे थे। इसकी जानकारी परिजनों ने पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर अपने दल बल के साथ पहुंचे थाना कमलापुर के प्रभारी निरीक्षक व फोरेंसिक जांच टीम ने मृतक के शव को फांसी के फंदे से उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

### बारिश के शुरुआती दौर में ही ढह गई साधन सहकारी समिति भुड़कुड़ा की बाउंड्री वॉल

विशाल इंडिया/ब्यूरो



सीतापुर। जिले में मानक विहीन निर्माण कार्य का चलन जोरों पर है। बीते वर्षों में एक गांव के साधन सहकारी समिति में बनवाई गई बाउंड्री वॉल पहली बरसात में ही ढह गई। बाउंड्री वॉल के गिरने के बाद लोगों में मानक विहीन निर्माण कार्य की चर्चा जोरों पर है। जानकारी के अनुसार जिले की तहसील महमूदाबाद क्षेत्र के ब्लाक पहला के अन्तर्गत ग्राम पंचायत शमशाबाद में साधन सहकारी समिति भुड़कुंडा की बाउंड्री वॉल का निर्माण बीते वर्षों में पूर्व प्रधान सहज राम वर्मा के द्वारा कराया गया था ।मानक विहीन बाउंड्री निर्माण होने के कारण बीती 28 जून 2024 की रात को पहली ही बारिश में बाउंड्री वॉल ढह गई। बताते हैं कि बारिश का दौर शुरू ही हुआ था, कि बीती रात्रि को तेज आंधी व बारिश के चलते बाउंड्री वॉल गिर कर क्षतिग्रस्त हो गई है। इस सम्बन्ध में जागरूक ग्रामीणों की ओर से शासन प्रशासन से मांग की जा रही है कि इस समिति की क्षतिग्रस्त हुई बाउंड्री वॉल की जांच कराकर मानक विहीन निर्माण कार्य कराए जाने वाले दोषी पर त्वरित आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए बाउंड्री वॉल का निर्माण कराया जाए, ताकि समिति के अन्य बिल्डिंग का किसी प्रकार से नुकसान न हो सके।

### मां-बेटी की मौत: ग्रामीणों ने सड़क जाम किया

मऊ। मऊ में एक दिन पहले हुए हादसे में आक्रोशित ग्रामीणों ने मऊ-गाजीपुर मुख्य मार्ग जाम कर दिया है। बीते शनिवार को एक सड़क दुर्घटना में मां-बेटी समेत तीन को सफारी वाहन ने रौंद दिया था, जिसमें मां और बेटी की मौत हो गयी थी। दोषियों को पकड़ने की मांग को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। रविवार की दोपहर लगभग 1 बजे से तजोपुर गांव के ग्रामीण सैकड़ों की संख्या में सड़क पर उतर कर प्रदर्शन कर रहे हैं। मां और बेटी की शव को सड़क के बीच में रखकर चक्का जाम कर दिया है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ग्रामीणों को समझने में जुट गई है। लेकिन ग्रामीण पुलिस की एक सुनने को तैयार नहीं है। मामला को बढ़ता देख सीओ सिटी अंजनी कुमार पांडे और सदर एसडीएम अभिषेक गोस्वामी भी मौके पर पहुंच गए हैं। पुलिस और प्रशासन द्वारा लगातार आक्रोशित ग्रामीणों को समझने का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन सैकड़ों की संख्या में मौजूद ग्रामीण किसी की एक सुनने को तैयार नहीं है।

### 16 साल की किशोरी ने लगाई फांसी

रायबरेली। रायबरेली में नाबालिग लड़की ने पंखे के हुक से लटक कर आत्महत्या कर ली। परिजनों को जानकारी होने पर घर के अंदर इस हादसे को देखने के बाद सब परेशान हो गए। इस पूरे मामले की सूचना बछरावां थाना पुलिस को दी गई। मामले पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामला रायबरेली के बछरावां थाना क्षेत्र के अंतर्गत गरीब खेड़ा मजरे राघवपुर का है। जहां की रहने वाली चांदनी उम्र (16) पुत्री श्रीपाल अपने घर में पंखे के हुक के सहारे रस्सी का फंदा बनाकर लटक गई। जिससे उसकी मौत हो गई है। घटना के समय मृतका के परिजन खेत में धान की नर्सरी की रखवाली कर रहे थे। जब वह घर पहुंचे तो देखा घर का एक कमरा अंदर से बंद है। परिजनों ने अपनी बेटी को आवाज लगाई लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। चीख पुकार पर ग्रामीण इकट्ठा हो गए। ग्रामीणों ने दरवाजा तोड़कर देखा तो किशोरी का शव फंदे के सहारे लटक रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कोतवाल विजेंद्र शर्मा ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

### आजमगढ़ में युवक ने किया सुसाइड

आजमगढ़। आजमगढ़ के गंभीरपुर थाना क्षेत्र के छाऊ के रहने वाले बदरूद्दीन (41) पुत्र हुकुमदार ने नदी के किनारे फांसी लगाकर जान दे दी। मामले की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने इलाज के लिए अस्पताल भेजा जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक बदरूद्दीन मुड़ैला थाना लाइन बाजार जौनपुर का रहने वाला था। जिले के गंभीरपुर थाना क्षेत्र में अपने ससुराल आया हुआ था। जहां पत्नी से विवाद के बाद आत्महत्या जैसा घातक कदम उठाने पर मजबूर हुआ। मामले की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जिसके आधार पर मामले में वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। आजमगढ़ जिले के गंभीरपुर थाना क्षेत्र के छाऊ में नबी अहमद के घर बदरूद्दीन की ससुराल है। बदरुद्दीन शराब पीकर अपनी ससुराल पहुंचा तो रोज शराब पीने के कारण पत्नी शहनाज से उसका विवाद हुआ। उसके बाद वह गांव के बाहर नदी के किनारे एक मंडई मे जाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लीं।

## बाइडेन–ट्रंप के प्रेसिडेंशियल डिबेट......एक्स पर आ गया प्रतिक्रियों का सैलाब, एलन मस्क ने पोस्ट कर बताया

वाशिंगटन । टेस्ला और स्पेस एक्स के सीईओ एलन मस्क ने बताया कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और उनके प्रतिद्वंद्वी पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टीवी पर पहले प्रेसिडेंशियल डिबेट के दौरान एक्स पर रिकॉर्ड गतिविधि दर्ज हुई। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स ने बताया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डिबेट पर मिनट–दर–मिनट चर्चा प्रसारण शुरू होने के बाद 90 मिनट में 19 गुना हो गई। कंपनी ने कहा कि डिबेट के दौरान एक्स पर दुनिया भर में चर्चाओं का पैमाने चौंकाने वाला था। एक्स ने बताया कि डिबेट के दौरान दो अरब से ज्यादा इम्प्रेशन दर्ज किए गए। इसमें 24.2 करोड़ वीडियो व्यूज और 20 लाख पोस्ट शामिल थे। मस्क ने कहा कि अमेरिकी प्रेसिडेंशियल डिबेट के दौरान एक्स पर रिकॉर्ड गतिविधियां दर्ज की गईं। एक यूजर ने लिखा, डिबेट के दौरान एक्स पर बवाल मचा हुआ था। डिबेट के एक्स पर लाइव स्ट्रीम को भी काफी लोगों ने देखा। एक अन्य यूजर ने लिखा कि बिना किसी सेंसरशिप के डर के लोगों को इस मुद्दे पर खुलकर बात रखने की अनुमति देने के जबरदस्त परिणाम दिखे। बहस के बाद राष्ट्रपति बाइडेन ने कहा कि उनका प्रदर्शन अच्छा रहा और उनके प्रदर्शन से निराश कुछ डेमोक्रेट्स की चुनावी दौर से हटने की सलाह पर अमल की संभावना से मना किया। राष्ट्रपति ने कहा, मुझे लगता है कि मैंने अच्छा (प्रदर्शन) किया। हालांकि कई डेमोक्रेट्स को चिंता सता रही है कि बाइडेन पूर्व राष्ट्रपति रिपब्लिकन पार्टी के ट्रंप के सामने पर्याप्त चुनौती नहीं पेश कर सकते है।



## इराक की अल–नूरी मस्जिद में मिले 5 बम

मोसुल। इराक के उत्तरी शहर मोसुल की अल–नूरी मस्जिद में 5 बड़े बम बरामद हुए हैं। आतंकी संगठन आईएसआईएल ने ये बम दीवार में गाड़ रखे थे। अलजजीरा के मुताबिक, इन बमों का वजन 1.5 किलोग्राम है। इनमें से एक को दीवार से निकाल दिया गया है, जबकि बाकी बमों को हटाने की कोशिश की जा रही है। 2017 में तबाह हुई मस्जिद को दोबारा बनाने में जुटे यूनेस्को ने बताया कि बम बाद में बनाई गई एक दीवार में लगाए गए थे। इनकी जानकारी मिलते ही इराक के अधिकारियों को सूचना दी गई। इसके बाद इलाके में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई। बम हटाए जाने तक सभी लोगों को मस्जिद के परिसर से हटा दिया गया है।

## धर्मगुरु को साढ़े दस साल की जेल

सिंगापुर। सिंगापुर में 54 साल की धर्मगुरु वू मे हो को साढ़े दस साल जेल की सजा हुई है। कोर्ट ने उन्हें अपने भक्तों के साथ धोखाधड़ी करने और उन्हें चोट पहुंचाने समेत 5 आरोपों में दोषी पाया। वू मे हो पर आरोप है कि वह अपने भक्तों का ब्रेनवॉश कर उन्हें बताती थी कि वह एक देवी है। अगर भक्त उसके आदेश का पालन नहीं करते थे तो वू मे हो उन्हें क्रूर सजा देती थी। वह भक्तों को उनका मल खिलाती थी और प्लास से दांते निकालने को कहती थी। वह भक्तों पर कैंची से वार करती थी और उन्हें इमारत की दूसरी मंजिल से कूदने को भी कहती थी।

## गैसोलीन निर्यात के लिए रूस ने 31 जुलाई तक बढ़ाई परमिट की अविध

मॉस्को। रूस की पुतिन सरकार ने गैसोलीन निर्यात के लिए 31 जुलाई तक परमिट की अवधि बढ़ा दी है। यह जानकारी आधिकारिक कानूनी सूचना पोर्टल पर प्रकाशित प्रासंगिक दस्तावेज के जरिए से मिली है। दस्तावेज़ 29 फरवरी के सरकारी संकल्प संख्या 243 में संशोधन करता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक रूस के ऊर्जा मंत्री सर्गेई त्सिविलीव ने कहा कि घरेलू बाजार में पर्याप्त ईंधन का भंडार है और मांग आपूर्ति के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि बाजार की जरूरतों के आधार पर आगे कदम उठाए जाएंगे। यूरेशियन इकोनॉमिक यूनियन देशों को छोड़कर अन्य देशों में गैसोलीन के निर्यात पर प्रतिबंध एक मार्च को लगाया गया था। मई माह के अंत में रुसी सरकार ने 30 जून तक प्रतिबंध को निलंबित कर दिया था। गैसोलीन निर्यात पर अस्थायी रूप से प्रतिबंध हटाने का निर्णय रूस के बाजार की संतृप्ति के संबंध में किया गया था, ताकि रिफाइनरियों द्वारा प्रसंस्करण में कमी और बंदरगाहों में अनलोडिंग से रोका जा सके।

## अमेरिका में पुलिस अधिकारी ने 13 वर्षीय किशोर को गोली मारी

न्यूयॉर्क। अमेरिका के न्यूयॉर्क में शनिवार देर रात जारी की गयी एक वीडियो में एक पुलिस अधिकारी 13 वर्षीय किशोर को गोली मारते दिख रहा है। पुलिस ने बताया कि मैनहट्टन से करीब 400 किलोमीटर उत्तरपश्चिम में पुलिस ने एक लूटपाट की जांच के संबंध में शुक्रवार देर रात 10 बजे दो किशोरों को रोका था, जिसके बाद एक किशोर को अधिकारियों ने गोली मार दी जिससे उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि 13 वर्ष की आयु के दोनों किशोरों का विवरण लूटपाट की एक घटना के संदिग्धों से मेल खा रहा था और वे लूटपाट वाले दिन उसी इलाके में थे। पुलिस द्वारा जारी 'बॉडी कैमरा' फुटेज में एक अधिकारी को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि उसे इन दोनों किशोरों की तलाशी लेनी होगी कि कहीं उनके पास कोई हथियार तो नहीं है। इसके तुरंत बाद उनमें से एक भागने लगता है। वीडियो में न्याह वे नामक किशोर उसका पीछा कर रहे अधिकारियों पर पिस्तौल ताने देखा जा सकता है। पुलिस ने बताया कि अधिकारियों को लगा कि यह पिस्तौल है लेकिन बाद में पता चला कि वह एक खिलौना था। इसके बाद पुलिस किशोर को जमीन पर गिरा देती है और एक अधिकारी गोली चलाता है जो उसकी छाती पर लगती है। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गयी।

## लंदन में लग्जरी कारों को जंजीर से बांधकर रखते हैं लोग!

लंदन । क्या आपने कभी किसी को गाय–भैंस की तरह अपनी कार को जंजीर से बांधकर रखते देखा है? भारत में ये नजारा शायद आपको कहीं दिख भी जाए, पर इन दिनों लंदन में लोग अपनी करोड़ों की कारों को जंजीर से बांधे देखे जा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक लंदन में लैंड रोवर गाड़ियों के मालिक अपनी गाड़ी की सुरक्षा को लेकर काफी परेशान हैं। दरअसल, लंदन में लैंड रोवर गाड़ियों की चोरी बढ़ी है। हाल ही में एक फोटो वायरल हुई, जिसमें एक लैंड रोवर गाड़ी के मालिक ने अपनी कार को पेड़ से, जंजीर के जरिए बांध दिया। जो फोटो वायरल हो रही है जिसमें इंडस्ट्रीयल चेन को दो बार पेड़ से लपेटकर गाड़ी में बांधा गया है। एक खबर के अनुसार पिछले महीने जैगुआर लैंड रोवर ने पुलिस को भरोसा दिलाया था कि वो गाड़ियों की खोई हुई गरिमा को लौटाने के लिए और चोरी रोकने के लिए 10 करोड़ रुपयों से ज्यादा खर्च करेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक लेक्सस आरएक्स नाम की कार 2023 में सबसे ज्यादा चोरी की जाने वाली कार थी। जब कंपनी के मालिकों को ऐसी रिपोर्ट्स मिलीं, जिसमें ये दावा किया जा रहा था कि ये गाड़ियां आसानी से चोरी हो सकती हैं, तब उन्होंने बयान जारी कर कहा कि कंपनी जो पैसा लगा रही है, वो सिर्फ पुलिस की मदद के लिए लगा रही है, न कि कार की सुरक्षा सिस्टम को सुधारने के लिए पैसे खर्च करना चाह रही है। कार की बिना चाबी की एंट्री सुविधा की वजह से ही चोर इसे आसानी से चुराने में सफल हुए हैं। यूके में साल 2023 में लैंड रोवर के जो 3 मॉडल सबसे ज्यादा चोरी हुए हैं, उनमें रेंज रोवर स्पोर्ट, रेंच रोवर इवोक, और लैंड रोवर डिस्कवरी स्पोर्ट शामिल है।

## फिलीपींस में पटाखा गोदाम में विस्फोट से पांच की मौत, 20 घायल

मनीला। फिलीपींस के जाम्बोआंगा शहर में एक पटाखा गोदाम में हुए शक्तिशाली विस्फोट में पांच लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए। एक स्थानीय समाचार एजेंसी ने अधिकारियों के हवाले से बताया है कि विस्फोट में गोदाम के पास के घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को भी नुकसान पहुंचा है। विस्फोट स्थल पर पहुंचे जाम्बोआंगा के मेयर जॉन डेलिप ने संवाददाताओं को बताया कि घटना में पांच लोगों की मौत हो गई और 20 लोग घायल हो गए।



जर्मनी में एएफडी पार्टी का विरोध कर रहे लोंगों ने सड़क पर अवरोधक लगा दिये। जिन्हें पुलिस ने हटाया।

## युद्ध के खतरों के चलते सऊदी अरब ने अपने नागरिकों से लेबनान छोड़ने को कहा

काहिरा। लेबनान के शिया आंदोलन हिजबुल्लाह और इजरायल के बीच युद्ध के खतरों को देखते हुए सऊदी अरब ने अपने नागरिकों से तुरंत लेबनान छोड़ने को कहा है। लेबनान के सऊदी दूतावास ने कहा कि दक्षिणी लेबनान में वर्तमान घटनाओं पर चिंता व्यक्त करता है, हम एक बार फिर सभी सऊदी नागरिकों से लेबनान जाने पर प्रतिबंध लगाने के फैसले का पालन और वहां के नागरिकों से तुरंत लेबनान छोड़ने का आह्वान करते हैं। इजरायली सेना ने घोषणा की है कि उसने लेबनान में आक्रामक अभियान के लिए योजनाओं को मंजूरी दी है। इजरायली विदेश मंत्री ने बाद में कहा कि इजरायल हिजबुल्लाह और लेबनान के खिलाफ नियमों को बदलने के फैसले के बहुत करीब था, जिससे आंदोलन को युद्ध में खत्म करने और लेबनान पर गंभीर प्रहार करने की धमकी दी है। हिजबुल्लाह के महासचिव हसन नसरल्ला ने कहा कि अगर युद्ध और तेज हुआ तो आंदोलन उत्तरी इजरायल पर आक्रमण करेगा। बता दें अक्टूबर 2023 में गाजा पट्टी में इजरायल के हमले के बाद इजरायल–लेबनानी सीमा पर स्थिति खराब है। आईडीएफ और लेबनानी हिजबुल्लाह लड़ाके सीमा से लगे इलाकों में एक–दूसरे के ठिकानों पर बमबारी कर रहे हैं। लेबनानी विदेश मंत्रालय ने कहा कि करीब एक लाख लोगों को सीमावर्ती क्षेत्रों में अपने घर छोड़ कर जाना पड़ा है, जबकि इजरायली विदेश मंत्रालय ने कहा कि 80,000 इजरायलियों को भी अपना घर छोड़ना पड़ा है।

# ईरान ने इजरायल को दी युद्ध की धमकी तो मिला करारा जवाब

### – इजराइल बोला, अगर हिजबुल्लाह गोलीबारी बंद नहीं करता तो हम उस पर सख्त कार्रवाई करेंगे



**तेल अवीव(एजेंसी)।** इजरायल और हमास के बीच का संघर्ष मिडिल ईस्ट के बाकी हिस्सों में फैल सकता है। लेबनान के हिजबुल्लह ने हाल ही में धमकी दी थी कि वह अंतिम सांस तक इजरायल से लड़ने को तैयार है। इस बात की आशंका जताई जा रही है कि इजरायल हमास की तरह हिजबुल्लह पर हमला कर सकता है। हिजबुल्लह को ईरान से समर्थन मिलता है। इस बीच ईरान ने खुले तौर पर इजरायल को चेतावनी दी है कि अगर वह लेबनान में हिजबुल्ला के खिलाफ जमीनी सैन्य अभियान शुरू करता है तो वह विनाशकारी युद्ध करेगा। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के मिशन ने एक्स पर इससे जुड़ा पोस्ट लिखा। उसने कहा कि यद्यपि ईरान लेबनान पर हमले करने के इरादे के बारे में जायोनी शासन (इजरायल) के प्रचार को मनोवैज्ञानिक युद्ध मानता है। क्या इसे पूर्ण पैमाने पर सैन्य आक्रमण शुरू करना चाहिए? इससे एक विनाशकारी युद्ध शुरू हो जाएगा। सभी विकल्प खुले होंगे। सभी प्रतिरोध मोर्चे हिस्सा लेंगे। ईरान अपने ट्वीट में साफ कह रहा है कि अगर इजरायल ने लेबनान पर हमला किया तो वह युद्ध करेगा। भले ही यह युद्ध उसके प्रॉक्सी के जरिए ही क्यों न लड़ा जाए।

इजरायल के विदेश मंत्री इजराइल काट्ज ने शनिवार रात को प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अगर हिजबुल्लह अपनी गोलीबारी बंद नहीं करता और दक्षिणी लेबनान से वापस नहीं जाता तो हम उसके खिलाफ पूरी ताकत से कार्रवाई करेंगे, तब तक जब कि सुरक्षा बहाल नहीं हो जाती और निवासी अपने घरों में वापस नहीं लौट जाते। उन्होंने आगे कहा कि जो शासन विनाश की धमकी देता है, वह अपना विनाश कराने का हकदार है। रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने अमेरिका की यात्रा से लौटने के बाद शुक्रवार को उत्तरी सीमा का दौरा किया। अमेरिका यात्रा के दौरान उन्होंने अमेरिकी विदेशमंत्री एंटनी ब्लिंकन, अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन और अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन से मुलाकात की। उन्होंने इजरायली सेना और हिजबुल्लह के बीच लगभग नौ महीने की सीमा पार हिंसा के बाद उत्तर में शांति बहाल करने के लिए राजनयिक और सैन्य दोनों विकल्पों पर चर्चा की। गैलेंट ने आईडीएफ सैनिकों से कहा कि हम युद्ध नहीं चाहते, लेकिन हम इसके लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि अगर वह युद्ध करना चाहता है, तो हमें पता है कि क्या करना है। यदि वह राजनयिक व्यवस्था का विकल्प चुनेगा तो हम इस विकल्प का जवाब देंगे।

## बहस में खराब प्रदर्शन के बाद बाइडन से राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ से हटने की मांग



### –दूसरा कार्यकाल पाने के इच्छुक बहस में लड़खड़ाते नजर आए बाइडन

**न्यूर्याक(एजेंसी)।** अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए होने वाले चुनाव के लिए अटलांटा में हुई बहस में पिछड़ने के बाद सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक पार्टी ने राष्ट्रपति जो बाइडन के चुनावी दौड़ से हटने की मांग की है। जो बाइडन (81) और उनके प्रचार अभियान ने कहा कि वह हार नहीं मान रहे हैं और पांच नवंबर को होने वाले चुनाव के लिए सफलतापूर्वक मुकाबला करने के लिए कटिबद्ध हैं। प्रचार अभियान के नेतृत्व ने कहा कि बाइडन डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रत्याशी हैं। प्रत्याशी नहीं बदला जा रहा है।

अमेरिका के 46वें राष्ट्रपति बाइडन ने डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनने के लिए प्राइमरी चुनाव में जीत हासिल कर ली है। व्हाइट हाउस में दूसरा कार्यकाल पाने के इच्छुक बाइडन की आवाज बहस के दौरान लड़खड़ाती नजर आई, जिससे डेमोक्रेट के शीर्ष नेता सोच रहे है कि क्या बाइडन राष्ट्रपति चुनाव से पहले के कठिन महीनों के दौरान शीर्ष पर रह सकते हैं।

वहीं, रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप (78) ने बहस में शुरुआत से ही बाइडन को कड़ी टक्कर दी। राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए अटलांटा में पहली बहस के बाद से ही कई मीडिया संस्थान और बाइडन की पार्टी के समर्थक और नीति निर्माता उनसे इस दौड़ से हटने की मांग कर रहे हैं। बहस के बाद एक अखबार ने अपनी संपादकीय में लिखा कि अपने देश की सेवा करने के लिए राष्ट्रपति बाइडन को इस दौड़ से हट जाना चाहिए।

## चुनाव से पहले मंदिर पहुंचे सुनक–अक्षता



**लंदन (एजेंसी)।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति ने देश में 4 जुलाई को होने वाले चुनाव से 4 दिन पहले लंदन के नेसदेन मंदिर पहुंचकर पूजा की। उन्होंने मंदिर का दौरा किया और वहां मौजूद लोगों से बातचीत भी की। सुनक ने नेसदेन मंदिर में लोगों को संबोधित भी किया। उन्होंने अपने भाषण की शुरुआत टी 20 वर्ल्ड कप में भारतीय टीम की जीत के साथ की। सुनक ने कहा कि आज आप क्रिकेट मैच के नतीजों से तो खुश होंगे। इस पर भीड़ ने तालियां बजाईं। सुनक ने कहा कि मैं भी आपकी तरह एक हिंदू हूं। अपने विश्वास और आस्था से ही मुझे ताकत मिलती है। जब मैं सांसद बना था तब मैंने भगवत गीता पर ही हाथ रखकर शपथ ली थी। मुझे इस बात पर गर्व है। मेरा विश्वास मुझे यह सिखाता है कि हम अपने कर्मों पर ध्यान दें और परिणाम की चिंता न करें।

# इजरायल ने गाजा में फिर दागे मिसाइल, 40 की मौत, सैकड़ों घायल

**गाजा (एजेंसी)।** इजरायल और हमास के बीच जंग जारी है। इजराइल हमास को खत्म करने के लिए लगातार हमले कर रहा है। पिछले 24 घंटों के दौरान इजरायली हमलों में कम से कम 40 फिलिस्तीनी मारे गए और 224 घायल हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक गाजा में स्वास्थ्य अधिकारियों के हवाले से बताया कि कुल फिलिस्तीनी मौतों की संख्या अब 37,834 हो गई है। अक्टूबर 2023 से फिलिस्तीनी-इजरायल संघर्ष शुरू होने के बाद से 86,858 लोग घायल हुए हैं।

अधिकारियों का कहना है कि इजरायली सेना और हमास के बीच झड़पों के कारण बचाव दलों को कई बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है। खास कर दक्षिणी गाजा के रफाह शहर और पूर्वी गाजा के शुजाया में जहां शरणार्थियों के शिविर हैं। इजरायली सैन्य प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि इजरायली सेना शुजाया क्षेत्र में आतंकवादी ठिकानों पर हमला कर रही है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ घंटों में सेना ने झड़पों में कई को मार गिराया। रफाह में इजरायली सेना ने कई आतंकवादियों को मार गिराया और सुरंग समेत बुनियादी ढांचे को नष्ट कर दिया है।



इस बीच फिलिस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि हजारों लोग आश्रय, भोजन, दवा और साफ पानी की समस्या से जूझ रहे हैं, हालात और भी खराब हो गए हैं। अमेरिका ने शुक्रवार को घोषणा की कि मानवीय सहायता के लिए गाजा के तट पर लंगर डाले हुए अमेरिकी जहाज को प्रतिकूल मौसम के कारण हटा दिया गया है।

# युक्रेन पर रुस के ताजा हमलों में 12 लोगों की मौत, कई इमारतें तबाह

### –ऊर्जा उत्पादन केंद्रों और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को निशाना बना रहा रुस



**कीव (एजेंसी)।** रुस और यूक्रेन के बीच जंग को दो साल से ज्यादा हो चुके हैं लेकिन यह जंग खत्म होने पर नहीं आ रही है। जबकि इस जंग में रुस और यूक्रेन का काफी नुकसान हुआ है। वहीं रूस की ओर से पूर्वी यूक्रेन में किए गए हमले में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि निप्रो शहर में रूसी हमले से ध्वस्त इमारत के मलबे से एक और व्यक्ति का शव बरामद किया गया, जिससे मृतकों की संख्या बढ़कर 12 हो गई। अधिकारियों ने बताया कि ये हमले ऐसे समय में हुए हैं जब रूस 1,000 किलोमीटर की सीमा पर कई क्षेत्रों में यूक्रेनी सेना को पीछे धकलने की कोशिश में है।

रुस और यूक्रेन के संसाधनों को खत्म करने के लिए हवाई हमले तेज कर दिए हैं और वह ऊर्जा सुविधाओं और अन्य महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को निशाना बना रहा है। गवर्नर एलेक्सी स्मिरनोव ने सोशल मीडिया पर कहा कि रूस-यूक्रेन सीमा पर गोरोडिशे गांव में यूक्रेनी हमले के पीड़ितों में दो बच्चे भी शामिल हैं। ये हमले उस वक्त हुए जब रूस ने 1,000 किलोमीटर के मोर्चे पर कई क्षेत्रों में अपनी सेना तैनात कर रहा है। मॉस्को ने यूक्रेन के संसाधनों को खत्म करने के लिए हवाई हमले तेज कर दिए हैं और ऊर्जा उत्पादन केंद्रों और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को निशाना बना रहा है।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि रूसी हमलों से यूक्रेन ने अपनी करीब 80 फीसदी तापीय ऊर्जा क्षमता और एक तिहाई जलविद्युत क्षमता खो दी है। डीनिप्रो में हुए हमले पर जेलेंस्की ने कहा कि यह यूक्रेन के सहयोगियों के लिए एक चेतावनी है कि देश को ज्यादा वायु रक्षा प्रणालियों की जरुरत है। यूक्रेनी वायुसेना ने शनिवार को कहा कि उसने रातभर में 10 रूसी ड्रोन मार गिराए है।

## अगर काला चश्मा पहना या दूसरे देश की फिल्म या गाना सुना तो मिलेगी मौत

### – सनकी किम जोंग का फरमान, शादी में दुल्हन को सफेद गाउन पहना भी बैन

**सियोल (एजेंसी)।** काला चश्मा फैशन सेंस तो बताता ही है, गर्मी से भी बचाता है। लेकिन दुनिया का एक देश ऐसा भी है, जहां चाहे कितनी भी धूप हो आप काला चश्मा नहीं पहन सकते। अगर अपने काला चश्मा पहन लिया तो आपको सजा भी हो सकती है, इतना ही नहीं, यहां शादी में दुल्होन के सफेद गाउन पहनने पर बैन है। किसी दूसरे देश की फिल्म या गाना सुना तो फांसी पर भी लटकाया जा सकता है।

ये कोई और देश नहीं हां आप सही सोचे रहे हैं ये देश है उत्तहर कोरिया है जहां इस देश का शासक सनकी के साथ साथ क्रूर भी है। यहां के शासक किम जोंग उन दक्षिाण कोरिया को दुश्मन मुल्कह मानता हैं इसलिए वहां की कोई भी चीज उत्तकर कोरिया के लोग पहने या अपनाएं यह उसे पसंद नहीं। दक्षियण कोरिया में शादी के दौरान दुल्हएन सफेद गाउन पहनती हैं ये उनका कल्चकर है। यही देखकर उत्तर कोरिया की लड़कियां भी गाउन पहनने लगी थी। इस बात से किम जोंग इतना नाराज हुआ कि उसने सुरक्षाबलों को आदेश दे दिया कि अगर कोई ऐसा करता दिखे, तो उसे सजा दी जाए। दक्षिोण कोरिया की यूनिफिकेशन मिनिस्ट्रीं ने ये रिपोर्ट तैयार की है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, उत्तर कोरिया के सुरक्षाबल शादी के घरों में घुस जाते हैं और तलाशी लेते हैं कि कहीं कोई दक्षिण कोरिया के कल्चरर वाले कपड़े तो नहीं पहने है। लोगों को फैशनेबल कपड़े पहनने पर रोक है। दूल्हा-दुल्हैन को अपनी पीठ पर नहीं उठा सकता। ऐसा किया तो वह सजा का हकदार होगा। लोगों के फोन भी चेक किए जाते हैं। देखा जाता है कि कहीं, वे दक्षिोण कोरिया के किसी शख्स के संपर्क में तो नहीं है।

# टी20 विश्वकप जीतकर मालामाल हुई टीम इंडिया, इनाम में मिली 20 करोड़ से ज्यादा की राशि

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका को हराकर टी-20 विश्वकप चैंपियन बनी भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम को पुरस्कार स्वरूप 20.36 करोड़ रुपए मिले। इस बार टूर्नामेंट शुरु होने से पहले अंतराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) रिकार्ड पुरस्कार राशि का बजट 93.51 करोड़ रुपए रखा था। उसी के अनुसार फाइनल में जीतने वाली भारतीय टीम को 20.36 करोड़ रूपए की राशि दी गई है। वहीं फाइनल में हारने वाली टीम दक्षिण अफ्रीका को 10.64 करोड़ रुपए से संतोष करना पड़ा।

इस बार टूर्नामेंट में रिकॉर्ड 20 टीमों ने भाग लिया था। सेमीफाइनल खेलकर बाहर होने वाली टीमों को 6.54 करोड़ रुपए। इनमें अफगानिस्तान और इंग्लैंड की टीमें शामिल हैं। दूसरे दौर यानी सुपर-8 को पार करने में नाकाम रहने वाली टीमों को 3.17 करोड़ रुपए तथा नौ से 12वें स्थान पर रहने वाली टीमों को 2.05 करोड़ रुपए तथा 13 से 20वें स्थान पर रहने वाली हर एक टीम को 1.87 करोड़ रुपए मिले। इसके अलावा हर एक टीम को टूर्नामेंट में जीतने वाले मैच पर अतिरिक्त 25.89 लाख रुपए दिए गए है।

मैच की बात करें तो भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। 34/3 पर सिमटने के बाद विराट (76) और अक्षर पटेल (31 गेंदों में 47, एक चौके और चार छक्कों की मदद से) के बीच 72 रनों की जवाबी साझेदारी ने खेल में भारत की स्थिति को बहाल किया। विराट और शिवम दुबे (16 गेंदों में 27, तीन चौकों और एक छक्के की मदद से) के बीच 57 रनों की साझेदारी ने भारत को अपने 20 ओवरों में 176/7 तक पहुंचाया। केशव महाराज (2/23) और एनरिक नॉर्टजे (2/26) दक्षिण अफ्रीका के शीर्ष गेंदबाज थे। मार्को जेनसन और एडेन मार्करम ने एक-एक विकेट लिया।

177 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए प्रोटियाज का स्कोर 12/2 हो गया और फिर क्विंटन डी कॉक (31 गेंदों में 39 रन, चार चौके और एक छक्का) और ट्रिस्टन स्टब्स (21 गेंदों में 31 रन, तीन चौके और एक छक्का) के बीच 58 रनों की साझेदारी ने दक्षिण अफ्रीका को खेल में वापस ला दिया। हेनरिक क्लासेन (27 गेंदों में 52 रन, दो चौके और पांच छक्के) के अर्धशतक ने खेल को भारत से दूर ले जाने की मदद दी। हालांकि अर्शदीप सिंह (2/20), जसप्रीत बुमराह (2/18) और हार्दिक (3/20) ने डेथ ओवरों में शानदार वापसी की और दक्षिण अफ्रीका को 20 ओवरों में 169/8 पर रोक दिया।




## चहल, सैमसन और यशस्वी बिना खेले ही बन गये चैंपियन



**बारबाडोस (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम ने एक दशक के बाद आईसीसी ट्रॉफी जीती है, इसके लिए टीम के सभी खिलाड़ियों ने दबाव में आये बिना ही शानदार प्रदर्शन किया। इससे टीम में बेहद खुशी का माहौल है। टीम को 13 साल के बाद खिताब मिला है। इससे पहले टीम ने 2014 में चैम्पयंस ट्रॉफी जीती थी। उसके बाद से ही टीम सेमीफाइनल या फाइनल में हार से बाहर हो जाती थी। इस विश्वकप में युजवेंद्र चहल, संजू सैमसन और यशस्वी जायसवाल ऐसे खिलाड़ी रहे जिन्हें एक भी मैच खेलने का अवसर नहीं मिला। भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज और अमेरिका में संयुक्त रुप से हुए इस विश्वकप में 8 मैच खेलकर सभी में जीत दर्ज की। इस दौरान चहल, सैमसन और यशस्वी को एक भी मैच में अंतिम ग्यारह में जगह नहीं मिली। चहल टीम में दूसरे विशेषज्ञ स्पिनर थे। वहीं पहले नंबर पर कुलदीप यादव थे। कुलदीप ने टूर्नामेंट में शुरु से इतना प्रभावी प्रदर्शन किया कि चहल को अवसर ही नहीं मिल पाया। वहीं विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन को इसलिए अवसर नहीं मिला क्योंकि विकेकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने भी बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग में अपने प्रदर्शन से टीम को किसी और नाम पर विचार करने ही नहीं दिया। यह लगातार दूसरा विश्व कप है, जब युजवेंद्र चहल टीम में तो चुने गए, लेकिन अंतिम ग्याहर में जगह नहीं बना सके। युजवेंद्र और सैमसन को पहले ही इस बात का अंदाजा रहा होगा कि उन्हें शायद ही अंतिम ग्याहर में जगह मिले पर यशस्वी साथ ऐसा नहीं हैं। वे टीम के विशेषज्ञ ओपनर हैं। टीम में रोहित के अलावा सिर्फ वही एक विशेषज्ञ ओपनर थे। ऐसे में यशस्वी को अंतिम ग्यारह में जगह की उम्मीद थी पर रोहित ने टीम में बदलाव नहीं किया जिससे उनकी उम्मीदें पूरी नहीं हुईं। भारतीय क्रिकेट टीम के साथ रिंकू सिंह और खलील अहमद भी साथ रहे। इन दोनो को रिजर्व के प्लेयर के तौर पर टीम के साथ भेजा गया था।

## दक्षिण अफ्रीका पहली पारी में 266 पर ढेर, भारत ने बनाई 337 रनों की बढ़त



**चेन्नई (एजेंसी)।** स्नेह राणा (आठ विकेट) के शानदार स्पैल की बदौलत भारतीय महिला टीम ने बल्लेबाजी के लिये मुफीद चेपॉक की सपाट पिच मेहमान दक्षिण अफ्रीका रविवार को पहली पारी में 266 रन पर ढेर कर 337 रनों की बढ़त बना ली है। सुबह दक्षिण अफ्रीका ने चार विकेट पर 236 रनों के कल के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। कल दिन खेल समाप्त होने के समय मैरिजान कप्प (69) और नडीन डी क्लर्क ने (27) ने पारी को आगे बढ़ाया। स्नेहा राणा ने शुरुआत स्पैल में मैरिजान कप्प (74) को बोल्ड कर दक्षिण अफ्रीका को पहला झटका दिया। इसके बाद तो दक्षिण अफ्रीका की टीम मात्र 30 रन जोड़कर ताश के पत्तों की तरह ढ़ह गई। नडीन डी क्लर्क (39), सिनालो जाफ्टा (शून्य), अनरी डर्क्सन (5), मासाबाटा क्लास (1) और नोनकुलुलेको म्लाबा (2) रन बनाकर आउट हुई। दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम 266 रनों पर सिमट गई। भारत को पहली पारी में बनाए गए (छह विकेट पर 603 पारी घोषित) के स्कोर के आधार पर 337 रनों की बढ़त मिली है। भारत की ओर से स्नेह राणा ने 25.3 में 77 रन पर आठ विकेट लिये। दीप्ति शर्मा को 21 ओवर में 47 रन देकर दो विकेट मिले।

## टी20 विश्व कप जीत के साथ द्रविड़ बोले, कोच के तौर पर यात्रा अच्छी रही

**-रोहित की सबसे ज्यादा याद आयेगी**

**ब्रिजटाउन (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के टी20 विश्व कप जीतने से उत्साहित मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा कि उनकी ये यात्रा काफी अच्छी रही। इसी के साथ ही द्रविड़ का कोच के तौर पर कार्यकाल भी समाप्त हो गया। उन्होंने कप्तान रोहित शर्मा की भी जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी मुझे सबसे ज्यादा याद आयेगी।

द्रविड़ ने विश्व कप 2024 जीतने के लिए टीम के प्रति आभार भी व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीतना एक अच्छा एहसास है। द्रविड़ ने कहा, एक खिलाड़ी के तौर पर मैं ट्रॉफी जीतने के लिए भाग्यशाली नहीं रहा पर जब भी मैंने खेला, मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास किया। मैं भाग्यशाली रहा कि मुझे ऐसी टीम का कोच बनने का अवसर मिला जिसने मुझे ट्रॉफी जीत कर दी। यह एक शानदार अहसास है हालांकि इसके लिए मैंने कोई सुधार नहीं किये। ये केवल वह काम था जो मैं कर रहा था। मुझे रोहित और उनकी टीम के साथ काम करना पसंद रहा है, यह एक शानदार यात्रा थी और मैंने वास्तव में इसका आनंद लिया। द्रविड़ ने कप्तान रोहित शर्मा के टी20 से संन्यास पर कहा कि कप्तान जिस तरह के व्यक्ति हैं, उससे मैं प्रभावित हूं। साथ ही कहा कि रोहित की प्रतिबद्धता मुझे पसंद है। उन्होंने कहा, मैं उन्हें एक व्यक्ति के रूप में मिस करूंगा। जो चीज मुझे प्रभावित करती है, वह है कि वह उन्होंने मुझे जो सम्मान दिया है, टीम के लिए उनकी किस तरह की देखभाल और प्रतिबद्धता थी, उन्होंने किस तरह की ऊर्जा खर्च की और उन्होंने कभी पीछे कदम नहीं किये। मेरे लिए, रोहित वह व्यक्ति होगा जिसकी मुझे सबसे ज्यादा याद आएगी।




## जीत के बाद रोहित ने मैदान में लगाया तिरंगा

बारबाडोस। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने टीम के टी20 खिताब जीतने के बाद मैदान पर तिरंगा झंडा लगा दिया। भारतीय टीम को इस क्षण का पिछले 13 साल से इंतजार किया था। भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सचिव जय शाह ने पहले ही कहा था कि भारतीय टीम रोहित की कप्तानी में इस बार टी20 विश्वकप जीतेगी जो अब सही साबित हुआ है। भारतीय टीम ने इससे पहले साल 2013 में महेंद्र सिंह धोनी की अगुवाई में दक्षिण अफ्रीका में चैम्पियंस ट्रॉफी जीती थी। रोहित ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में जीत के बाद बारबाडोस के मैदान पर तिरंगा लगा दिया। इस दौरान रोहित के साथ तिरंगा लिए जय शाह और उपकप्तान हार्दिक पंड्या भी मौजूद थे। इससे पहले इसी साल 14 फरवरी 2024 को एक कार्यक्रम में जय शाह ने विश्वकप का कार्यक्रम जारी करते हुए कहा था की हम टी20 विश्व कप में झंडा लगायेंगे। तब टी20 विश्व कप 2024 के कार्यक्रम की घोषणा कर दी गयी थी पर ये तय नहीं था कि कप्तान कौन रहेगा। इसके बाद जय शाह का एक बयान मीडिया में आया था जिसमें उन्होंने ये उम्मीद जताई थी की भारतीय टीम रोहित की कप्तानी में ही टी20 विश्व कप खेलेगी। तब उन्होंने कहा थ कि भले ही टीम अहमदाबाद में एकदिवसीय विश्वकप का फाइनल नहीं जीत पायी पर वह इस बार टी20 खिताब जीतेगी। अब शाह की वही बात सफल हुई है।

## वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के लिए इंग्लैंड टीम घोषित, बेयरस्टो, फोक्स और लीच बाहर

लंदन - इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला से पहले अपनी टेस्ट टीम से जॉनी बेयरस्टो, बेन फोक्स और जैक लीच को बाहर कर दिया। पहले दो टेस्ट के लिए 14 सदस्यीय टीम में इंग्लैंड ने तीन 'अनकैप्ड% (जिसने कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला हो) खिलाड़ियों को शामिल किया है जिसमें विकेटकीपर बल्लेबाज जेमी स्मिथ और तेज गेंदबाज गस एटकिंसन और डिलन पेनिंगटन शामिल हैं। लीच की जगह युवा स्पिनर शोएब बशीर को टीम में शामिल किया गया है। जेम्स एंडरसन को चुना गया है लेकिन यह 41 वर्षीय तेज गेंदबाज संन्यास लेने से पहले 10 जुलाई से लॉर्ड्स में शुरू होने वाले पहले टेस्ट में ही खेलेगा।

इंग्लैंड की टेस्ट टीम - बेन स्टोक्स (कप्तान), जेम्स एंडरसन (सिर्फ पहला टेस्ट), गुस एटकिंसन, शोएब बशीर, हैरी ब्रुक, जैक क्रॉली, बेन डकेट, डैन लॉरेंस, डिलन पेनिंगटन, ओली पोप, मैट पॉट्स, जो रूट, जेमी स्मिथ और क्रिस वोक्स।

## सूर्यकुमार को जय शाह से मिला 'सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक का पुरस्कार'




ब्रिजटाउन। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव जय शाह ने सूर्यकुमार यादव को सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक का पुरस्कार प्रदान किया जिन्होंने खतरनाक डेविड मिलर का शानदार कैच लपका जो भारत की जीत में निर्णायक साबित हुआ। भारतीय क्षेत्ररक्षण कोच टी दिलीप ने खिलाड़ियों को प्रेरित करने के लिए 'सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक' चुनने की प्रथा शुरू की थी। उन्होंने भारतीय टीम के क्षेत्ररक्षण की प्रशंसा 'भेड़ियों के झुंड' से की जिन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। दिलीप ने कहा, 'हम बड़े मुकाबलों में मौके के अनुसार प्रदर्शन करने की बात करते हैं लेकिन आज हमने सिर्फ प्रदर्शन नहीं किया बल्कि जीत हासिल की।' उन्होंने कहा, 'हमने पूरे टूर्नामेंट में और आज जो जज्बा, जो एकजुटता और जो लचीलापन दिखाया, वह असाधारण से कम नहीं है।' दिलीप ने कहा, 'हमने 'भेड़ियों के झुंड' की तरह क्षेत्ररक्षण किया। जैसा कि राहुल भाई और रोहित कहते रहते हैं। हर कोई अपनी भूमिका जानता था लेकिन हमने साथ मिलकर हर मौके का फायदा उठाया और कोई कसर नहीं छोड़ी।' भारत ने शानदार वापसी करते हुए दक्षिण अफ्रीका को पहला विश्व कप खिताब जीतने से महरूम कर दिया जिसमें अंतिम ओवर में सूर्यकुमार यादव का कैच निर्णायक रहा। सूर्यकुमार ने जिस संयम और सही समय पर लिये कैच से बेहतरीन मिसाल पेश की। जब उन्होंने डेविड मिलर का कैच लपका तब दक्षिण अफ्रीका को अंतिम ओवर में महज 16 रन की दरकार थी। सूर्यकुमार ने यह पुरस्कार प्राप्त करने के बाद कहा, 'दिलीप सर, मुझे यह मौका देने और जय (शाह) सर से यह पदक लेने के लिए आपका धन्यवाद।'

## तीसरा ओलंपिक पदक जीतने के लिए कौशल को निखारने पर पी वी सिंधू का फोकस

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू शारीरिक और मानसिक रूप से अच्छी स्थिति में हैं लेकिन उन्हें महसूस होता है कि ओलंपिक में तीसरा पदक जीतने के लिए उन्हें और अधिक 'चतुर' होने की जरूरत है। रियो और तोक्यो में पिछले दो ओलंपिक में क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीतने वाली सिंधू का लक्ष्य तीन ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनने का है। सिंधू ने भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ), भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) और भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) द्वारा आयोजित बातचीत के दौरान कहा, ''यह चुनौतीपूर्ण है। यह आसान नहीं है, पर असंभव भी नहीं है।''

उन्होंने कहा, ''तीसरे ओलंपिक में जाने से पहले मुझे और अधिक स्मार्ट होने की जरूरत है। मुझे अनुभव है, पर स्मार्ट होने की जरूरत है। मुझे उम्मीद है कि मैं पदक का रंग बदल सकती हूं और निश्चित रूप से देश के लिए एक और पदक जीत सकती हूं।'' वह अभी जर्मनी के सारब्रुकेन में हरमन-न्यूबर्गर स्पोर्ट्स्क्यूल में ट्रेनिंग कर रही हैं। वह 26 जुलाई को ओलंपिक शुरू होने से पहले सीधे पेरिस जायेंगी।

सिंधू ने कहा, ''शारीरिक और मानसिक रूप से मैं फिट हूं, बस मुझे स्मार्ट होना है और मेरे कोच अगुस (द्वी सैंटोसो) इसका ध्यान रख रहे हैं। मेरे ट्रेनर भी ध्यान रख रहे हैं। मैं सभी स्ट्रोक्स पर काम कर रही हूं, चाहे वो डिफेंस हो, या अटैक या नेटप्ले। सभी चीजों में परफेक्ट होना महत्वपूर्ण है।'' उन्होंने कहा, '' मैं सिर्फ एक स्ट्रोक या तकनीक पर फोकस नहीं कर रही हूं। आप नहीं जानते कि क्या होने वाला है। ऐसे खिलाड़ी हैं जो काफी समझदार हैं और रणनीति में बदलाव करके प्लान बी पर आ जाते हैं। आपको इसके लिए तैयार रहने की जरूरत है। मेरा फोकस अभ्यास करने पर है।




## हार को पचा पाना मुश्किल : मारक्रम

### -आने वाले टूर्नोमेंटों के लिए सुधार करेंगे

ब्रिजटाउन दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट टीम के कप्तान एडेन मारक्रम ने भारतीय टीम के हाथों फाइनल में मिली हार पर निराशा जताते हुए कहा है कि इसे स्वीकार करना बेहद मुश्किल है क्योंकि ये बेहद करीबी मुकाबला था। साथ ही कहा कि इस हार का दुख उन्हें हमेशा रहेगा पर टीम इससे सबक लेते हुए आगे आने वाले टूर्नामेंटों में बेहतर प्रदर्शन का प्रयास करेगी। दक्षिण अफ्रीकी टीम खिताबी मुकाबले में लक्ष्य का पीछा करते हुए अंतिम 30 गेंद में 30 रन नहीं बना पायी। अंतिम ओवरों में भारतीय टीम के गेंदबाजों जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पांड्या ने जबरदस्त गेंदबाजी की जबकि सूर्यकुमार यादव ने एक बेहद कठिन कैच कर मैच भारत के हाथों में ला दिया। मारक्रम ने मैच के बाद कहा, 'यह क्रिकेट का पहला मैच नहीं है जिसमें 30 गेंदों में से 30 की जरूरत वाली टीम को हार का सामना करना पड़ा है। भारत ने अच्छी गेंदबाजी और कमाल के क्षेत्ररक्षण से शानदार वापसी की और ऐसे में जीत का श्रेय उसे जाता है। कप्तान ने कहा, 'अभी किसी एक चीज को हार का कारण नहीं कहा जा सकता है। हम अगले कुछ दिनों में अपनी गलतियों पर विचार करेंगे और उन क्षेत्रों को ढूंढने का प्रयास करेंगे जिसमें हमें सुधार करना है। हम इसके साथ ही उन चीजों के बारे में भी सोचेंगे जो हमारे लिए वास्तव में अच्छा रहा है। हार के बाद भी कप्ताने ने कहा कि जिस प्रकार टीम ने सभी मैच जीतकर फाइनल में जगह बनायी उसके लिए मुझे टीम पर गर्व है। उन्होंने कहा, 'मैं यह बात कहना चाहूंगा कि मुझे अपनी टीम के खिलाड़ियों पर काफी गर्व है। हम सिर्फ आज के प्रदर्शन से नहीं बल्कि टीम ने इस पूरे टूर्नामेंट और उससे पहले तैयारियों के दौरान शानदार प्रदर्शन किया है। मारक्रम ने कहा, 'यह हार दर्द देने वाली है लेकिन इससे आने वाले टूर्नामेंटों में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए टीम की इच्छा शक्ति बढ़ेगी। मारक्रम ने माना कि क्लासेन ने जिस प्रकार से मैच में खेला, उसको देखते हुए उनके लिए हार को पचा पाना संभव नहीं होगा। उन्होंने कहा, 'हमने उसे दुनिया भर में कई बार ऐसा करते देखा है। इस तरह के मंच पर ऐसी पारी खेलना वास्तव में एक विशेष प्रयास है। उसने टीम को जीत के काफी करीब पहुंचा दिया था। साथ ही कहा, 'यह क्रिकेट टूर्नामेंट है, यह कठिन क्रिकेट है, ट्रॉफियां जीतना आसान नहीं है और आपको ट्रॉफी जीतने के लिए भारत जैसी टीम को श्रेय देना ही होग। इसमें बहुत मेहनत लगती है।




## अफगान टीम के कप्तान राशिद खान की जर्नी प्रेरणादायक

**-राशिद का बचपन बेहद कठिनाई में रिफ्यूजी कैंप में बीता**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में हार के साथ अफगानिस्तान का सफर भले ही समाप्त हो गया हो, लेकिन उन्होंने पहली बार किसी विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। टीम के लिए यह एक बडी उपलब्धि है। इसके लिए ऑस्ट्रेलिया जैसी बड़ी टीम को भी मात दी।

अफगानिस्तान को यहां तक पहुंचाने में टीम के कप्तान राशिद खान ने अहम योगदान दिया। राशिद की जर्नी काफी प्रेरणादायक रही है जिन्होंने रिफ्यूजी कैंप से अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान बनने तक का सफर तय किया है। राशिद का बचपन बेहद कठिनाई में बीता। 2001 में अफगानिस्तान में अमेरिका और तालिबान के बीच छिड़े युद्ध ने उनके परिवार को घर छोड़ना पड़ा और पाकिस्तान बॉर्डर के पास रिफ्यूजी कैंप में रहने लगे। पेशावर की गलियों में खेलते हुए राशिद का जीवन आगे बढ़ा। मैट्रिक की पढ़ाई के बाद उन्होंने 6 महीने तक अंग्रेजी की स्पेशल ट्यूशन ली और फिर इंग्लिश ट्यूशन पढ़ाने लगे। इंग्लिश के अलावा राशिद पश्तो, दारी, उर्दू, और हिंदी भी बोल लेते हैं। राशिद पढ़ाई में बेहद होशियार थे। उनकी मां का सपना था कि राशिद बड़े होकर डॉक्टर बनें, लेकिन अफगानिस्तान में तालिबान और अमेरिका के बीच बार-बार होने वाले युद्ध के कारण उन्हें कभी अफगानिस्तान तो कभी पाकिस्तान में हना पड़ा। इससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हुई। जब राशिद बड़े हो रहे थे तो उस समय पाकिस्तानी ऑलराउंडर शाहिद अफरीदी का अलग ही क्रैज था। उनको देखकर राशिद ने भी वैसी ही बैटिंग और स्पिन सीखी। क्रिकेट के अभ्यास के लिए वे भाइयों के साथ घंटों खेलते और इस तरह उनका क्रिकेटर बनने का सफर शुरू हुआ। इस दौरान उन्होंने यूट्यूब से भी सीखा। वह पसंदीदा स्पिनर्स की तकनीक वीडियो देखकर सीखते थे। कई पाकिस्तानी और अफगान प्रशंसक उन्हें अफगान अफरीदी भी कहते हैं। 2015 में मात्र 17 साल की उम्र में राशिद खान ने जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे और टी20 इंटरनेशनल में डेब्यू किया। इसके बाद 2018 में उन्होंने भारत के खिलाफ पहला टेस्ट खेला। 2019 में मात्र 21 साल की उम्र में उन्हें टीम के तीनों फॉर्मेट (टेस्ट, वनडे और टी20) का कप्तान बना दिया गया। हालांकि इसी साल उन्हें हटाकर असगर अफगान को कप्तानी दे दी गई। 2024 के टी20 वर्ल्ड कप के लिए उन्हें एक बार फिर से टीम का कप्तान बनाया गया था। करियर की बात करें तो 21 साल की उम्र में बने अफगानिस्तान टीम के कप्तान। कुल 201 मैचों (टेस्ट, वनडे और टी20) में 269 विकेट लिए हैं। मात्र 53 मैचों में 100 टी20 अंतरराष्ट्रीय विकेट लेने का रिकॉर्ड। आईपीएल और बीबीएल सहित दुनियाभर की लगभग सभी बड़ी क्रिकेट लीग में हिस्सा लेना।

## टीम इंडिया में 13 साल बाद आया बड़ा उछाल : सहवाग

ब्रिजटाउन। भारतीय टीम ने टी20 विश्वकप जीतने के साथ ही पिछले एक दशक के आईसीसी खिताब के सूखे को समाप्त किया। इस अवसर पर पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने भी भारतीय टीम इंडिया को बधाई दी है। सहवाग ने शेयर बाजार से तुलना करते हुए कहा कहा, कल की जीत मुझे लगता है 13 साल बाद टीम में आया एक बड़ा उछाल है। सहवाग ने कहा कि क्रिकेट में भी कुछ-कुछ शेयर बाजार की तरह ही होता है। स्टॉक लंबे समय तक एक दायरे में रहता है और फिर अचानक उस दायरे से बाहर निकल कर ऊपर चढ़ जाता है। वैसे ही भारतीय टीम सालों से एक रेंज में अच्छा प्रदर्शन कर रही थी, पर कोई भी आईसीसी ट्रॉफी नहीं जीत पाती थी। कल की जीत मुझे लगता है 13 साल बाद टीम का एक बड़ा उछाल है और इसे एक निर्णायक जीत की तरह देखा जा सकता है। मेरा मानना है कि इस जीत के बाद आने वाले वर्षों में टीम लगातार आईसीसी ट्रॉफी जीतती रहेगी। टीम इंडिया को ये जीत लंबे इंतजार के बाद मिली है। साल 2007 के बाद भारत ने एक बार फिर टी20 ट्रॉफी उठाई है। भारतीय टीम टी20 विश्वकप के फाइनल में अंतिम बार 2014 में पहुंची थी। तब श्रीलंका के हाथों खिताबी मुकाबले में उसे हार का सामना करना पड़ा था।



## रोहित-कोहली के नक्शेकदम पर रवींद्र जडेजा, टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की

**स्पोर्ट्स डेस्क (एजेंसी)।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली के नक्शेकदम पर चलते हुए रवींद्र जडेजा ने भी भारत की टी20 विश्व कप 2024 जीत के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों से संन्यास की घोषणा कर दी है। भारत के इस दिग्गज ऑलराउंडर ने बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 7 रन की जीत के बाद ड्रेसिंग रूम में विश्व कप ट्रॉफी के साथ अपनी तस्वीर पोस्ट करते हुए सोशल मीडिया के माध्यम से इसकी पुष्टि की।

जडेजा ने लिखा, 'कृतज्ञता से भरे दिल के साथ मैं टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों को अलविदा कहता हूं। गर्व से सरपट दौड़ने वाले एक दृढ़ घोड़े की तरह, मैंने हमेशा अपने देश के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ दिया है और अन्य प्रारूपों में भी ऐसा करना जारी रखूंगा। टी20 विश्व कप जीतना एक सपना सच होने जैसा था, मेरे टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का एक शिखर। यादों, जयकारों और अटूट समर्थन के लिए धन्यवाद।' महेंद्र सिंह धोनी के नेतृत्व में टीम में जगह बनाने के बाद से स्पिन-गेंदबाजी ऑलराउंडर ने लंबा सफर तय किया है। लेकिन हाल ही में समाप्त हुए टूर्नामेंट में वह अपनी लय हासिल नहीं कर पाए हैं। फरवरी 2009 में श्रीलंका के खिलाफ पदार्पण करने के बाद से उन्होंने जिन 74 मैचों में हिस्सा लिया है, उनमें कुल 515 रन बनाए हैं और सबसे छोटे प्रारूप में 54 विकेट लिए हैं। बल्ले से उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2022 में इंग्लैंड के खिलाफ आया, जहां उन्होंने 29 गेंदों पर 46 रन बनाए, जो अंतर साबित हुआ क्योंकि उन्होंने खेल को 49 रनों से जीत लिया। गेंद के साथ उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन 2021 टी20 विश्व कप में स्कॉटलैंड के खिलाफ था, जहां उन्होंने दुबई में 3/15 के आंकड़े हासिल किए थे। जडेजा के बारे में सबसे उल्लेखनीय विशेषता उनकी फील्डिंग रही है। ऐसे समय में जब हमारे पास सुरेश रैना और युवराज सिंह जैसे खिलाड़ी थे, सौराष्ट्र के ऑलराउंडर अपने करियर में कई मौकों पर लक्ष्य को हिट करने की अपनी क्षमता के साथ और भी अधिक उभरने में कामयाब रहे।



# गेल की ऊर्जा गंगा पाइपलाइन अगले साल मार्च तक पूरी होगी

**नई दिल्ली ।**

देश के पूर्वी हिस्सों में पर्यावरणानुकूल ईंधन पहुंचाने के लिए देश की प्रमुख 12,940 करोड़ रुपये की ऊर्जा गंगा गैस पाइपलाइन परियोजना मार्च, 2025 तक पूरी होने की उम्मीद है। सार्वजनिक क्षेत्र की गेल (इंडिया) लिमिटेड ने शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा कि 3,306 किलोमीटर लंबी जगदीशपुर-हल्दिया-बोकारो-धामरा पाइपलाइन को जून, 2024 तक पूरा किया जाना था। लेकिन उपयोग के अधिकार (आरओयू) की उपलब्धता में देरी से इस परियोजना के पूरा होने का समय संशोधित कर जून, 2024 से मार्च, 2025 कर दिया गया है। ज्यादातर पाइपलाइन का निर्माण पहले ही हो चुका है और मार्ग के अधिकांश शहरों में गैस का प्रवाह शुरू हो गया है। परंपरागत रूप से उपलब्ध प्राकृतिक गैस का उपयोग बिजली पैदा करने, उर्वरक बनाने या सीएनजी और रसोई गैस के रूप में किया जाता है। अक्टूबर 2016 में उत्तर प्रदेश के जगदीशपुर से पश्चिम बंगाल के हल्दिया, झारखंड के बोकारो और ओडिशा के धामरा तक पाइपलाइन बिछाने का काम शुरू हुआ था। पूर्वी क्षेत्र के राज्यों तक ईंधन ले जाने के लिए लाइन को बिहार के बरौनी से असम के गुवाहाटी तक 726 किमी बढ़ाया गया था। जगदीशपुर-हल्दिया-बोकारो-धामरा पाइपलाइन (जेएचबीडीपीएल) को प्रधानमंत्री ऊर्जा गंगा पाइपलाइन




कहा जाता है। इसके जरिये पूर्वी राज्यों बिहार, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल को गैस की आपूर्ति की जानी है।

पाइपलाइन को क्रियान्वित करने वाली कंपनी गेल ने कहा कि उसके निदेशक मंडल ने 28 जून को एक बैठक में पाइपलाइन को पूरा करने की समयसीमा को बढ़ाकर जून, 2024 से मार्च, 2025 करने की मंजूरी दे दी। गेल ने 10 मई, 2019 को कहा था कि उसने पाइपलाइन से जुड़े 10,500 करोड़ रुपये के सभी महत्वपूर्ण अनुबंध दे दिए हैं। सरकार ने जेएचबीडीपीएल के क्रियान्वयन के लिए 40 प्रतिशत का व्यवहार्यता अंतर (वीजीएफ) यानी 5,176 करोड़ रुपये उपलब्ध कराए हैं।

वहीं बरौनी-गुवाहाटी पाइपलाइन के लिए सरकार ने 60 प्रतिशत यानी 5,559 करोड़ रुपये का वीजीएफ उपलब्ध कराया है।

# टाइटन ने बांग्लादेश में आभूषण ब्रांड तनिष्क पेश किया

**नई दिल्ली।**

टाइटन कंपनी बांग्लादेश में अपना आभूषण ब्रांड तनिष्क पेश कर रही है। बयान के अनुसार टाटा समूह द्वारा प्रबंधित कंपनी तनिष्क ने रिदम ग्रुप के साथ इस संबंध में एक संयुक्त उद्यम समझौता किया। इसके तहत तनिष्क को बांग्लादेश के बाजार में उपलब्ध कराया जाएगा। दोनों कंपनियों के संयुक्त बयान के अनुसार संयुक्त उद्यम की शुरुआत बांग्लादेश के नारायणगंज में विनिर्माण इकाई के उद्घाटन के साथ होगी। घरेलू बाजार के अलावा टाइटन अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी तनिष्क की उपस्थिति का विस्तार कर रही है और संयुक्त अरब अमीरात, अमेरिका, कतर, सिंगापुर और ओमान में 17 स्टोर संचालित करती है। इसका घड़ी कारोबार दक्षेस, एमईएनए (पश्चिम एशिया और उत्तरी अफ्रीका), दक्षिण पूर्व एशियाई क्षेत्रों में मौजूद है।

पिछले कुछ साल में इसने अपने प्रमुख आभूषण ब्रांड तनिष्क को विदेशों में बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित




किया है। रिदम ग्रुप बांग्लादेश की एक प्रमुख कंपनी है जिसकी स्थापना 1972 में देसी वस्त्र निर्माण के लिए की गई थी और तब से इसने कई क्षेत्रों में विस्तार किया है।

# एफपीआई ने जून में घरेलू शेयर बाजारों में 26,565 करोड़ निवेश किए

**- इससे पहले मई में एफपीआई ने शेयर बाजार से 25,586 करोड़ निकाले थे**

**नई दिल्ली ।** लगातार दो माह की बिकवाली के बाद विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) जून में घरेलू शेयर बाजारों में एक बार फिर लिवाल बन गए हैं। शेयर बाजारों में जोरदार तेजी की वजह से जून में एफपीआई ने 26,565 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे हैं। बाजार के जानकारों कहा` कि आगे चलकर उनका ध्यान धीरे-धीरे बजट और चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के नतीजों की ओर स्थानांतरित होगा। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने जून में भारतीय शेयर बाजार से 26,565 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इससे पहले मई में चुनावी नतीजों को लेकर असमंजस के बीच एफपीआई ने शेयरों से 25,586 करोड़ रुपये निकाले थे। मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव और अमेरिका में बॉन्ड प्रतिफल में वृद्धि की चिंता के बीच अप्रैल में भी एफपीआई ने 8,700 करोड़ रुपये से अधिक के शेयर बेचे थे। इससे पहले एफपीआई ने मार्च में शेयरों में 35,098 करोड़ रुपये और फरवरी में 1,539 करोड़ रुपये का निवेश किया था, जबकि जनवरी में उन्होंने 25,743 करोड़ रुपये निकाले थे। बाजार के जानकारों ने कहा कि भाजपा को अपने बल पर बहुमत नहीं मिलने के बावजूद राजनीतिक स्थिरता और स्थिर घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) की खरीदारी और आक्रामक खुदरा खरीदारी से बाजारों में तेज उछाल ने एफपीआई को लिवाल बनने के लिए मजबूर किया है। हालांकि एफपीआई की खरीदारी बाजार या व्यापक रूप से क्षेत्र आधारित होने के बजाय कुछ शेयरों तक केंद्रित रही है। उनका कहना है कि सरकार की स्थिरता का भरोसा, जीडीपी के मोर्चे पर अच्छे प्रदर्शन, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में स्थिरता और बैंकिंग क्षेत्र की सेहत मजबूत होने की वजह से एफपीआई का प्रवाह तेज बना रहेगा। आंकड़ों के अनुसार इसके अलावा एफपीआई ने जून में ऋण या बॉन्ड बाजार में 14,955 करोड़ रुपये डाले हैं। 2024 में अब तक बॉन्ड बाजार में एफपीआई का निवेश 68,624 करोड़ रुपये रहा है।

# बीते वित्त वर्ष में ईपीएफओ के नए सदस्यों की संख्या घटकर 1.09 करोड़ रही

**- एक रिपोर्ट के अनुसार ईपीएफओ ने 2022-23 में कुल 1,14,98,453 नए सदस्य जोड़े थे**

**नई दिल्ली ।**

बीते वित्त वर्ष में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के नए सदस्यों की कुल संख्या चार प्रतिशत घटकर 1.09 करोड़ रही है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। ईपीएफओ की भारत में पेरोल रिपोर्टिंग~ एक रोजगार परिप्रेक्ष्य-जनवरी से अप्रैल, 2024 रिपोर्ट के अनुसार ईपीएफओ ने 2022-23 में कुल 1,14,98,453 नए सदस्य जोड़े थे। यह संख्या 2023-24 में घटकर 1,09,93,119 रह गई है। महामारी के कारण ईपीएफओ से जुड़ने वाले नए सदस्यों की कुल संख्या में 2020-21 में गिरावट आई थी और यह 85,48,898 रही थी। इससे पिछले वित्त वर्ष 2019-20 में ईपीएफओ से 1,10,40,683 नए सदस्य जुड़े थे। 2021-22 में ईपीएफओ से जुड़ने वाले नए सदस्यों की संख्या 1,08,65,063 रही थी। देश में कोरोना महामारी के प्रसार को रोकने के लिए केंद्र और राज्यों ने 2020 और 2021 में लॉकडाउन लगाया था, जिससे आर्थिक गतिविधियों के साथ-साथ रोजगार भी प्रभावित हुआ था। आंकड़ों से पता चलता है कि 2023-24 तक पिछले पांच वित्तीय वर्षों में ईएफपीओ द्वारा जोड़े गए कुल नए सदस्य 2018-19 के पूर्व-कोविड स्तर तक नहीं पहुंचे थे। अप्रैल, 2018 से मंत्रालय सितंबर, 2017 के बाद की अवधि के संगठित क्षेत्र के रोजगार संबंधी आंकड़े जारी कर रहा है। इसमें तीन प्रमुख योजनाओं कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ), कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) और राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) से जुड़ने वाले सदस्यों की जानकारी ली जाती है। रिपोर्ट से यह भी पता चलता है कि कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के सदस्यों की सकल वृद्धि भी 2022-23 के 1,67,73,023 से घटकर 2023-24 में 1,67,60,672 रह गई है। हालांकि, रिपोर्ट के अनुसार एनपीएस के तहत नए सदस्यों की संख्या 2022-23 के 8,24,735 से बढ़कर 2023-24 में 9,37,020 हो गई।

# सेंसेक्स की प्रमुख 10 में से नौ कंपनियों का मार्केट कैप 2.89 लाख करोड़ बढ़ा

**- दस शीर्ष कंपनियों की सूची में रिलायंस पहले स्थान पर बरकरार रही**

**नई दिल्ली ।**

पिछले सप्ताह सेंसेक्स की प्रमुख 10 सबसे कीमती कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में 2,89,699.42 करोड़ रुपये की बढ़त दर्ज की गई। शेयर बाजार में जोरदार तेजी के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे अधिक लाभ में रही। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी का बाजार मूल्यांकन चढ़ गया। वहीं भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के मूल्यांकन में गिरावट आई। सप्ताह के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 1,52,264.63 करोड़ रुपये बढ़कर 21,18,951.20 करोड़ रुपये हो गया। टीसीएस के बाजार मूल्यांकन में 34,733.64 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई और यह 14,12,845.09 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत 30,286.99 करोड़ रुपये बढ़कर 8,44,201.88 करोड़ रुपये रही। वहीं भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 18,267.7 करोड़ रुपये बढ़कर 8,22,530.35 करोड़ रुपये हो गया। इन्फोसिस का बाजार मूल्यांकन 14,656.3 करोड़ रुपये बढ़कर 6,50,602.10 करोड़ रुपये पर और एचडीएफसी बैंक का 13,808.74 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 12,80,865.43 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। भारतीय स्टेट बैंक की बाजार हैसियत 11,111.14 करोड़ रुपये बढ़कर 7,57,565.68 करोड़ रुपये रही। हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार मूल्यांकन में 7,953.37 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ और यह 5,81,570.83 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। आईटीसी की बाजार हैसियत 6,616.91 करोड़ रुपये बढ़कर 5,30,475.82 करोड़ रुपये हो गई। इस रुख के विपरीत एलआईसी का बाजार पूंजीकरण 22,042.61 करोड़ रुपये घटकर 6,25,573.90 करोड़ रुपये पर आ गया। प्रमुख 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर बरकरार रही। इसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस, एलआईसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी का स्थान रहा।

# मुंबई में संपत्तियों का पंजीकरण जून में बढ़कर 11,575 इकाई हुआ

**नई दिल्ली।** मुंबई नगरपालिका क्षेत्र में संपत्तियों का पंजीकरण जून में सालाना आधार पर 12 फीसदी बढ़कर 11,575 इकाई हो गया है। महाराष्ट्र सरकार के पोर्टल से एक रियल एस्टेट सलाहकार द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार मुंबई शहर में जून में 11,575 इकाइयों का पंजीकरण हुआ, जबकि पिछले साल इसी महीने में 10,319 इकाइयों का पंजीकरण हुआ था। हालांकि जून में पंजीकरण की संख्या मई की तुलना में कम रही। मई में 12,000 संपत्तियां का पंजीकरण हुआ था। पंजीकरण का बड़ा हिस्सा आवासीय संपत्तियों का है। खरीदारों के बढ़ते भरोसे के बीच चालू` वित्त वर्ष 2024 के पहले छह माह में मुंबई में संपत्तियों के पंजीकरण का आंकड़ा 10,000 इकाई से ऊपर रहा है। संपत्ति सलाहकार ने कहा कि जून, 2024 में मुंबई में संपत्तियों के पंजीकरण का आंकड़ा पिछले 12 साल का सबसे ऊंचा स्तर है। उन्होंने कहा कि आर्थिक समृद्धि बढ़ने तथा घर खरीदने को लेकर धारणा अनुकूल होने की वजह से संपत्ति के पंजीकरण में उछाल आया है। संपत्ति बिक्री पंजीकरण में सालाना आधार पर लगातार वृद्धि मुंबई के रियल एस्टेट बाजार की मजबूती को दर्शाती है।

# आईटीसी ब्रिटानिया को पछाडकर दूसरी बड़ी कंपनी बनी

**- बिक्री के मामले में पैकेज्ड फूड सेगमेंट में आईटीसी से आगे सिर्फ नेस्ले है**

**नई दिल्ली ।** देश की प्रमुख कंपे नियों में से एक आईटीसी ने एक नया मुकाम प्राप्त किया है। आईटीसी अब ब्रिटानिया को पीछे छोड़कर पैकेज्ड फूड सेगमेंट की दूसरी सबसे बड़ी कंपनी बन गई है। अब आईटीसी का मुकाबला पहले स्थान पर काबिज मल्टीनेशनल एफएमसीजी कंपनी नेस्ले से होगा। आईटीसी ने यह मुकाम बिक्री के हिसाब से हासिल किया है यानी बिक्री के मामले में पैकेज्ड फूड सेगमेंट में आईटीसी से आगे सिर्फ नेस्ले है। ऐसा पहली बार हुआ है, जब पैकेज्ड फूड के मामले में आईटीसी की बिक्री ब्रिटानिया से ज्यादा हुई है। आईटीसी पैकेज्ड फूड सेगमेंट में कई उत्पाद बेचती है। आईटीसी के प्रमुख उत्पादों में आशीर्वाद आटा, बिंगो पोटैटो चिप्स, सनफीस्ट बिस्किट आदि शामिल हैं। आईटीसी की हाल ही में जारी सालाना रिपोर्ट के अनुसार 31 मार्च 2024 को समाप्त हुए वित्त वर्ष में उसके फूड कारोबार की बिक्री 17,194.5 करोड़ रुपए रही है। इसमें घरेलू बिक्री और निर्यात दोनों के आंकड़े शामिल हैं। दूसरी ओर पिछले वित्त वर्ष के दौरान ब्रिटानिया के फूड कारोबार की कुल बिक्री 16,769.2 करोड़ रुपए की रही है। वहीं बीते वित्त वर्ष में नेस्ले इंडिया की बिक्री का आंकड़ा 24,275.5 करोड़ रुपए का रहा है। हालांकि कंपनी के द्वारा जनवरी-दिसंबर से अप्रैल-मार्च में वित्त वर्ष शिफ्ट करने से बिक्री का यह आंकड़ा 12 महीने के बजाय 15 महीने का है। 12 महीने के हिसाब से देखें तो भी नेस्ले की भारतीय इकाई अपनी स्थानीय प्रतिस्पर्धियों से आगे है। अप्रैल 2023 से मार्च 2024 के 12 महीनों में नेस्ले इंडिया की बिक्री 19,563 करोड़ रुपए रही है, जो दूसरे नंबर की कंपनी आईटीसी के फूड कारोबार की बिक्री की तुलना में ज्यादा है। आईटीसी को फूड कारोबार में पहली बार दूसरा पायदान दिलाने में आटे के भाव में आई तेजी सबसे प्रमुख कारण है। पिछले वित्त वर्ष के दौरान देश में आटे की कीमतों में 7 से 8 फीसदी की तेजी आई है। कंपनी के फूड कारोबार की कुल बिक्री में सबसे ज्यादा योगदान पैकेज्ड आटा ब्रांड आशीर्वाद का रहा है। ओवरऑल आईटीसी के फूड कारोबार की बिक्री में बीते वित्त वर्ष के दौरान 9 फीसदी की तेजी आई है।

# मिंत्रा होम ने मसाबा गुप्ता को ब्रांड एंबेसडर बनाया

**- मसाबा क्यूरेटेड बाय मसाबा कैंपेन में भी दिखाई देंगी**

**नई दिल्ली ।** फैशन डिजाइनर और अभिनेत्री मसाबा गुप्ता को इंडियन फैशन ई-कॉमर्स कंपनी मिंत्रा ने मिंत्रा होम का ब्रांड एंबेसडर बनाया है। बतौर ब्रांड एंबेसडर वह प्लेटफॉर्म को अपने क्रिएटिव विजन से आगे ले जाएंगी। ट्रेंड-फर्स्ट कस्टमर्स की उम्मीदों के मुताबिक घर का चयन करेंगी, जो उनके पर्सनालिटी को दिखाते हों। इस सहयोग के हिस्से के रूप में वह क्यूरेटेड बाय मसाबा कैंपेन में भी दिखाई देंगी, जो मिंत्रा के प्रीमियम होम सेलेक्शन को सामने लाता है। मसाबा ने कहा` कि घर वह जगह है जहां हम खुद को खुलकर एक्सप्रेस करते हैं। मिंत्रा की होम कैटेगरी के लिए ब्रांड एंबेसडर बनना घर की सजावट को सेल्फ-एक्सप्रेशन में बदलने जैसा है। मेरे लिए यह सहयोग घर बनाने के सफर को खूबसूरत एस्थेटिक के साथ जोड़ने का एक मौका है। मसाबा गुप्ता काफी क्रिएटिव हैं। उन्होंने फैशन और ब्यूटी के क्षेत्र में काफी नाम कमाया है। अब वह मिंत्रा होम के जरिए नए-नए आइडिया और क्रिएटिविटी लोगों के साथ शेयर करेंगी। मिंत्रा होम के पोर्टफोलियो में एमएंडएस होम्स, एचएंडएम होम्स, इंडिया सर्कस, माई ट्राइडेंट, अर्बन स्पेस, एलिमेंट्री, डीडेकोर और नेस्टासिया समेत प्रमुख ब्रांड्स के बढ़िया होम फर्निशिंग, ट्रेंडी आर्ट और डेकोर पीस, लैंप एंड लाइटिंग, किचन एंड डाइनिंग, बाथ और बेड लिनेन और अप्लायंसेज शामिल हैं। हाल ही में होम कैटेगरी पर अपना फोकस करने के बाद से मिंत्रा ने अपनी पेशकशों में बढ़ोतरी की है, जिसमें 1,500 से ज्यादा घरेलू और ग्लोबल ब्रांड्स की 4 लाख से ज्यादा स्टाइल की एक सूची है। पिछले कुछ सालों में देखा गया है कि लोग घर पर ज्यादा समय बिता रहे हैं। ऐसे में हाइब्रिड वर्क और वर्क फ्रॉम होम में काफी बढ़ोतरी हुई है, जिसके चलते उपभोक्ता अपने घर के सामान और सजावट में ज्यादा निवेश कर रहे हैं। किचन, वॉल क्लॉक और सर्ववेयर जैसी कुछ सब-कैटेगरी की डिमांड में साल-दर-साल 100 प्रतिशत से ज्यादा की वृद्धि दर्ज की जा रही है। मिंत्रा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा,` कि हम मसाबा गुप्ता का मिंत्रा होम के ब्रांड एंबेसडर के रूप में स्वागत करते हैं। घर हर किसी की लाइफस्टाइल का अहम हिस्सा है और इसलिए कैटेगरी का विस्तार फैशन और लाइफस्टाइल को लोकतांत्रिक बनाने की मिंत्रा की प्रतिबद्धता में अच्छी तरह से फिट बैठता है। मसाबा के टैलेंट का बोलबाला विश्व स्तर पर है, और हम अपने ग्राहकों को प्रेरित करने के लिए उनके क्यूरेटेड कलेक्शन, थीम और लुक के जरिए एस्थेटिक की उनकी गहरी समझ को पेश करने के लिए रोमांचित हैं।

# मोबाइल रिचार्ज हुआ मंहगा, कंपनियों की मौज......ग्राहकों की जेब पर असर

**नई दिल्ली ।** एयरटेल और रिलायंस जियो ने मोबाइल रिचार्ज महंगा किया है। इसके बाद अब वोडाफोन आइडिया ने भी जल्द ही अपने प्लान महंगे कर दिए है। इन कंपनियों ने रिचार्ज प्लान में करीब 15-20 फीसदी का इजाफा किया है। इस इजाफे से मोबाइल यूजर्स की जेब पर बोझ बढ़ गया है। दूसरी ओर टेलीकॉम कंपनियों के मुनाफे में अच्छी-खासी बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। इंडस्ट्री जानकार के अनुसार, प्रीपेड और पोस्टपेड प्लान में 15-20 फीसदी मोबाइल टैरिफ बढ़ोत्तरी से इंडस्ट्री को करीब 20,000 करोड़ रुपए का अतिरिक्त परिचालन लाभ होगा है। इस टैरिफ हाइक के बाद एयरटेल और जियो के एवरेज रेवेन्यू पर यूजर (आआरपीयू) में अच्छा खासा इजाफा होने का अनुमान है। आईसीआरए के उपाध्यक्ष और कॉर्पोरेट रेटिंग के सेक्टर प्रमुख ने कहा, मोबाइल टैरिफ बढ़ोत्तरी से लाभ में इजाफा होगा। इससे इंडस्ट्री को तकनीक अपग्रेडेशन और नेटवर्क विस्तार के लिए जरूरी पूंजी मिलेगी। आईसीआरए को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2025 में टेलीकॉम इंडस्ट्री का राजस्व 12-14 प्रतिशत बढ़ेगा। ऑपरेटिंग लीवरेज को देखकर 14-16 प्रतिशत तक परिचालन लाभ में इजाफा होने का अनुमान है। टेलीकॉम इंडस्ट्री को वित्त वर्ष 2025 में 1.6-1.7 लाख करोड़ रुपए के परिचालन लाभ के साथ 3.2-3.3 लाख करोड़ रुपए का राजस्व दर्ज करने की संभावना है। वहीं मॉर्गन स्टेनली के अनुसार, दूसरे टेलीकॉम प्लेयर्स भी मोबाइल टैरिफ में बढ़ोत्तरी कर सकते है। नोट में कहा गया है, हमारा अनुमान है कि एयरटेल और जियो के लिए मिश्रित एआरपीयू को 16-18 प्रतिशत की सीमा में लाभ होगा।

# घरेलू मोर्चे पर वृहद आर्थिक आंकड़े, वैश्विक रुख तय करेंगे शेयर बाजार की चाल

**- कच्चे तेल के दाम और रुपये-डॉलर के उतार-चढ़ाव पर भी रहेगी निवेशकों की नजर**

**नई दिल्ली ।**

इस सप्ताह घरेलू मोर्चे पर वृहद आर्थिक आंकड़े, वैश्विक रुख और विदेशी निवेशकों की गतिविधियों से घरेलू शेयर बाजारों की चाल तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों का कहना है कि बीते सप्ताह रिकॉर्ड तेजी के बाद ऊंचे मूल्यांकन की वजह से इस हफ्ते बाजार में उतार-चढ़ाव रह सकता है। निवेशक आगे के संकेतों के लिए वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट कच्चे तेल के दाम और रुपये-डॉलर के उतार-चढ़ाव पर भी नजर रखेंगे। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि इस सप्ताह शेयर बाजार में संभावित रूप से उतार-चढ़ाव रहेगा। ऊंचा मूल्यांकन चिंता का विषय बना हुआ है। निवेशकों की नजरें अब मानसून की प्रगति और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर इसके प्रभाव पर रहेगी। जुलाई में आने वाले आम बजट पर भी सभी की नजरें है। बाजार में विकासोन्मुख नीतियों की उम्मीद की जा रही है। उन्होंने कहा कि विदेशी और घरेलू संस्थागत निवेशकों की गतिविधियों और कच्चे तेल की कीमतें भी बाजार की धारणा को प्रभावित करेंगी। उन्होंने कहा कि वैश्विक मोर्चे पर अमेरिकी बाजार में ऊंचे स्तर पर मुनाफावसूली देखने को मिली है। अमेरिका के रोजगार के आंकड़े दो जुलाई को आएंगे। इसके बाद तीन जुलाई को आईएसएम सर्विसेज पीएमआई आंकड़े जारी किए जाएंगे। साथ ही दो जुलाई को अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के प्रमुख का संबोधन है। एफओएमसी की बैठक का ब्योरा तीन जुलाई को जारी किया जाएगा। एक अन्य बाजार विश्लेषक कहते




हैं कि बाजार का रुख प्रमुख घरेलू और वैश्विक आर्थिक आंकड़ों से तय होगा।

इस दौरान एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण पीएमआई, एचएसबीसी इंडिया सेवा पीएमआई, एसएंडपी ग्लोबल विनिर्माण पीएमआई, फेडरल रिजर्व के प्रमुख का संबोधन, अमेरिका के बेरोजगारी दावों के आंकड़े बाजार के लिए प्रमुख घटनाक्रम हैं। उनका कहना है कि हमें उम्मीद है कि बाजार की रफ्तार कायम रहेगी और शेयर विशेष गतिविधियां देखने को मिलेंगी।

हालांकि, सप्ताह के दौरान आने वाले आर्थिक आंकड़ों की वजह से बाजार में कुछ उतार-चढ़ाव रह सकता है। वाहन कंपनियां अपने मासिक बिक्री आंकड़े जारी करेंगी। ऐसे में उनके शेयरों पर सभी की नजरें रहेंगी।

# कोका-कोला कंपनी ने भारत में किया अपना बॉटलिंग बिजनेस बंद

**-2022-23 में कंपनी ने की थी 12,840 करोड़ की कमाई**

**नई दिल्ली।**

कोका-कोला कंपनी भारत में अपना बॉटलिंग बिजनेस बंद कर रही है। कंपनी के बॉटलिंग इन्वेस्टमेंट ग्रुप (बीआईजी) का दफ्तर 30 जून को बंद करने का फैसला किया है। अमेरिका की यह कंपनी भारत समेत दुनियाभर में अपने बॉटलिंग का संचालन करती है। कंपनी ने एक नोट में कहा कि बीआईजी का कॉर्पोरेट ऑफिस 30 जून को बंद हो जाएगा।

कंपनी का यह कदम भारत को प्रभावित करेगा, क्योंकि कोका-कोला इंडिया की पूर्ण स्वामित्व वाली बॉटलिंग कंपनी हिंदुस्तान कोका-कोला बेवरेजेज (एचसीसीबी) सीधे तौर पर बीआईजी के कंट्रोल में थी। नोट में कहा गया है कि भारत, नेपाल और श्रीलंका कोका-कोला के आंतरिक बोर्ड की निगरानी में रहेंगे। बता दें कि इस माह में कोका-कोला ने एचसीसीबी में माइनारिटी स्टेक बेचने के लिए कम से कम चार भारतीय औद्योगिक घरानों और उनके कार्यालयों से संपर्क किया था। रविवार से कोका-कोला के बॉटलिंग निवेश और ऑपरेशन का मैनेजमेंट एक आंतरिक बोर्ड के जरिए से किया जाएगा। यह बोर्ड बॉटलिंग बिजनेस के प्रदर्शन और रणनीति पर नजर रखेगा। बोर्ड की अध्यक्षता ब्राउन करेंगे। इसमें वैश्विक कार्यों का प्रबंधन करने वाले वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। नोट में कहा कि इस फैसले का मकसद निर्णय लेने की प्रक्रिया और ज्यादा सरल बनाना और बाजारों में क्षमताओं को मजबूत करना है। जनवरी में एचसीसीबी ने देश के उत्तरी, पूर्वी और उत्तर-पूर्वी हिस्सों में कंपनी के स्वामित्व वाले कुछ बॉटलिंग ऑपरेशन अपने तीन मौजूदा फ्रैंचाइजी बॉटलर मून बेवरेजेज, एमएलएमजी बेवरेजेज और कंधारी ग्लोबल बेवरेजेज को बेच दिए थे। कंपनी ने कहा था कि इन बॉटलिंग ऑपरेशन को रिफ्रैंचाइज करने से उसे 293 मिलियन



डॉलर का फायदा हुआ। एचसीसीबी अब 16 अंक का संचालन कर रही है, जो मुख्य रूप से पश्चिम और दक्षिण भारत में फैले हैं। बता दें 2006 में, कोका-कोला ने बॉटलिंग ऑपरेशन को एकीकृत कर बॉटलिंग इन्वेस्टमेंट्स ग्रुप का गठन किया था। उस समय कंपनी ने कहा था कि इसका मकसद यह तय करना है कि बॉटलिंग ऑपरेशन को उचित निवेश और विशेषज्ञता प्राप्त हो। 2022-23 में एचसीसीबी का रेवेन्यू 40फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 12,840 करोड़ रुपए रहा। इस दौरान कंपनी का नेट मुनाफा 809.32 करोड़ रुपए रहा जो पिछले साल की तुलना में दोगुना ज्यादा है।

# देश में ही 60 एमएम रॉकेट बनाएगा अडानी समूह थेल्स समूह के साथ समझौता

**नई दिल्ली ।** मेक इन इड़िया को बढ़ावा देने की मोदी सरकार की पहल के तहत देश के बड़े कारोबारी समूह अदाणी ग्रुप की कंपनी अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने भारत में ही 60 एमएम रॉकेट बनाने के लिए थेल्स समूह के साथ समझौता किया है। थेल्स ने बताया कि यह भागीदारी न सिर्फ भारत के लिए उसकी प्रतिबद्धता के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह वैश्विक स्तर पर हमारे पार्टनर नेटवर्क को मजबूत बनाने में भी मददगार होगी। थेल्स समूह ने लिखा, हम इस भागीदारी पर अदाणी समूह को बधाई दे रहे हैं। हम भारत में थेल्स के 70 एमएम रॉकेट के विनिर्माण में साथ काम करने के लिए उत्साहित हैं।थेल्स समूह ने कहा कि भारत के बढ़ते रक्षा उद्योग के लिए मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत के मोदी सरकार के विजन में मील का पत्थर साबित होगी। अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस स्वदेशी रक्षा उत्पादों के डिजाइन, विकास एवं विनिर्माण की अग्रणी कंपनी है। कंपनी ने इसी माह संयुक्त अरब अमीरात के एज समूह के साथ महत्वपूर्ण करार किया है जो अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और रक्षा क्षेत्र की एक प्रमुख वैश्विक कंपनी है। इस करार के तहत विश्व स्तरीय प्लेटफॉर्म का निर्माण होना हैं, जिससे दोनों कंपनियों की रक्षा और एयरोस्पेस क्षमता में वृद्धि होगी।



50+
AGENTS

BUYING OR SELLING A PROPERTY?

LET'S WORK TOGETHER!

Buying or selling a property can be a stressful process if you don't have the right real estate agent. With 25 years of experience, you can rely on us to get you the best possible result.

propre
Luxury Real Estate

CONTACT:
INFO@PROPRELUXURYREALESTATE.COM
+91 9871577057
@PROPRELUXURYREALESTATE.COM



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः **जितेन्द्र चौधरी**, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in